''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''

# समाचार गेट

HARHIN11569



बाबा साहब की जयंती की शुभकामनाएं व मुबारकबाद पेश करता हूँ : नासिर हुसैन बदरूद्दीन



वर्ष 02, अंक 104 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए मंगलवार, 15 अप्रैल 2025 samachargate@gmail.com

## हिसार एयरपोर्ट से पहली कमर्शियल फ्लाइट रवाना प्रधानमंत्री मोदी ने किया शुभारंभ

### पहले दिन हिसार एयरपोर्ट से कुल 10 ऑपरेशंस सफलतापूर्वक संचालित हुए : विपुल गोयल



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** आज हरियाणा के लिए एक ऐतिहासिक दिन रहा जब महाराजा अग्रसेन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, हिसार से पहली कमर्शियल उड़ान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए इस फ्लाइट सेवा का उद्घाटन किया।

हिसार एयरपोर्ट से शुरू हुई पहली कमर्शियल फ्लाइट श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या के लिए रवाना हुई, जिसमें पूरी क्षमता के साथ यात्री सवार थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री श्री मुरलीधर मोहाल, हरियाणा के नागरिक उड्डयन मंत्री श्री विपुल गोयल सहित अन्य गणमान्य मंत्रीगण, विधायक एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

इस मौके पर 486 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले हिसार एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन का शिलान्यास भी किया गया, जिससे एयरपोर्ट की यात्री वहन क्षमता में अभूतपूर्व वृद्धि होगी।

श्री विपुल गोयल ने एयरपोर्ट के पहले दिन के संचालन पर प्रेस नोट जारी करते हुए जानकारी दी कि हिसार एयरपोर्ट प्रतिवर्ष 21 लाख यात्रियों को सेवाएं प्रदान करने में सक्षम होगा। संचालन के प्रथम दिन आज कुल 10 ऑपरेशंस सफलतापूर्वक संचालित हुए, जिनमें दिल्ली से हिसार, हिसार से अयोध्या, अयोध्या से हिसार एवं हिसार से दिल्ली की कमर्शियल फ्लाइट्स भी शामिल थीं। इन चार उड़ानों में क्रमशः 64, 59, 41 एवं 56 यात्री सवार थे।

कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने इसे विकास और आर्थिक समृद्धि की दिशा में एक ऐतिहासिक शुरुआत बताया। उन्होंने कहा, यह केवल एक एयरपोर्ट नहीं, बल्कि हरियाणा के भविष्य की उड़ान है। श्रीराम की नगरी अयोध्या के लिए पहली फ्लाइट जाना एक शुभ संकेत है कि प्रभु श्रीराम की कृपा से हिसार एयरपोर्ट उन्नति के शिखर को छुएगा। उन्होंने आगे कहा, मैं पूरे हरियाणा की जनता की ओर से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व और मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी जी की कुशल नीतियों के लिए आभार व्यक्त करता हूं हैं और आगे भी प्रधानमंत्री मोदी जी की योजनाओं एवं मुख्यमंत्री नायब सैनी जी की नीतियों का क्रियान्वयन अपने दायित्व में करते रहूंगा।

## एसएमएस कान्वेंट पब्लिक स्कूल में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन




**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**बल्लभगढ।** एसएमएस कान्वेंट पब्लिक स्कूल में बैसाखी के अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर स्कूल के छात्र एवं छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के प्रोग्राम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर कविता, संगीत, नृत्य, भाषण, कला आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी। छात्राओं ने पारंपरिक पोशाक में प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। इस मौके पर प्राचार्य जगमाल कौशिक ने बैसाखी त्योहार के महत्व व इसकी सांस्कृतिक विरासत से विद्यार्थियों को अवगत कराया। इस अवसर पर आशीष फौजदार ने कहा कि बैसाखी का दिन किसानों के लिए विशेष महत्व रखता है। बैसाखी आने तक रबी फसल पक जाती है। ऐसे में किसान अपनी फसल पकने की खुशी में बैसाखी का पर्व मनाते हैं। वहीं इस दिन सिखों का नववर्ष भी रहता है। कहा कि विद्यालय में यह पर्व मनाने का मुख्य उद्देश्य छात्रों में सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देना है। मौके पर शिक्षकों व अभिभावकों ने बच्चों के उत्साह व प्रस्तुति की सराहना की।

## श्री अग्रसेन समाज रजि0 फरीदाबाद द्वारा भेजी एक दिवसीय चार धाम यात्रा

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** श्री अग्रसेन समाज रजि० फरीदाबाद के यात्रा प्रभारी अधिवक्ता दिनेश गोयल एवं ब्रजकिशोर तायल ने भगवान अग्रसेन जी एवं माता लक्ष्मी जी के आशीर्वाद, के द्वारा अग्रवाल सेवा सदन सैक्टर- 11 से रविवार 13/04/2025 को ऐसी बस से राजस्थान कांमा के लिए चार धाम गंगौत्री, यमुनोत्री, बद्रीनाथ एवं केदारनाथ एक दिवसीय यात्रा को किया रवाना। यात्रा का पंडित रवि शास्त्री के द्वारा पूजन किया गया एवं श्री अग्रसेन समाज रजि० फरीदाबाद के अध्यक्ष आई डी महाजन द्वारा नारियल फोड़ कर यात्रा को रवाना किया। इस यात्रा के मौके पर अनील बंसल एवं भगवत अग्रवाल ने बताया। एक दिवसीय चार धाम यात्रा में यात्रियों के लिए यात्रा के साथ जलपान की व्यवस्था भी कि गई है जिसमें सुबह का नास्ता, दोपहर एवं



रात्रि भोजन शामिल किया गया है। ताकि यात्रियों को यात्रा में किसी भी प्रकार की भोजन को लेकर परेशानी ना हो। और बस के सभी महिलाऐं बच्चे एवं पुरुष द्वारा भजन कीर्तन करते हुए एवं नाचते गाते हुए यात्रा को प्रारंभ किया। अन्त में संस्था के उपाध्यक्ष डॉ संजय गर्ग ने भगवान अग्रसेन जी एवं माता लक्ष्मी जी के जय कारे के साथ सभी की यात्रा मंगलमय हो कामना करते हुए किया रवाना। इस मौके पर प्रवीण गर्ग, दिनेश गुप्ता , सुभाष गुप्ता, अनुप गर्ग, योगिन्द्र पाल गुप्ता, ताराचंद मित्तल, मुकेश गुप्ता, दीपा बंसल, मंजू गर्ग,सीमा मित्तल, रेखा जैन, नीरज गोयल, ललित गोयल मौजूद रहे।

## फरीदाबाद पुलिस द्वारा अवैध हथियार रखने पर 3 आरोपी गिरफ्तार

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता के नेतृत्व में फरीदाबाद पुलिस द्वारा अवैध हथियार रखने वालों पर लगातार कर्रवाई जा रही है, इसी क्रम में कार्रवाई करते हुए अपराध शाखाओं की टीम ने अवैध हथियार रखने वाले 3 आरोपियों को 1 देसी पिस्टल, 1 देसी कट्टा व 1 बटनदार चाकू सहित गिरफ्तार किया हैं। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 13 अप्रैल को अपराध शाखा सेक्टर 56 की टीम ने रोहित वासी गाँव खडगपुर जिला मुंगेर बिहार हाल गाँव सीही फरीदाबाद को एक देसी पिस्टल के साथ गांव सिही मोड सेक्टर 8 फरीदाबाद से, अपराध शाखा बोर्डर की टीम ने अजय वासी बिहारी कालोनी पल्ला फरीदाबाद को नया पल्ला पुल के पास से एक देसी कट्टा सहित व अपराध शाखा सेक्टर-30 की टीम ने राहुल वासी बसेलवा कालोनी फरीदाबाद को बाईपास रोड ओल्ड फरीदाबाद से देसी कट्टा सहित गिरफ्तार किया है। जिनके विरुद्ध संबंधित थानों में शास्त्र अधिनियम की धाराओं के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किए गये हैं। आरोपी रोहित से पुछताछ मे सामने आया कि वह देसी पिस्टल 20,000 रुपये मे कोसी मथुरा से किसी व्यक्ति से लेकर आया, वहीं अजय से बतलाया कि वह देसी कट्टा को 3,000 रुपये मे बिहार से किसी व्यक्ति से लेकर आया था। आरोपी राहुल से पुछताछ मे सामने आया कि वह बटनदार चाकू को 500 रुपये मे मंगल बाजार से किसी व्यक्ति से लेकर आया था। आरोपी रोहित को एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है, बाकि दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।




## डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर जयंती के अवसर पर नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया




**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में फरीदाबाद नगर निगम द्वारा आज विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत शहर में स्थित उन सभी स्थलों की सफाई की गई जहां डॉ. आंबेडकर जी की प्रतिमाएं स्थापित हैं। नगर निगम के कर्मचारियों ने चौक-चौराहों, पार्कों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर साफ-सफाई कर डॉ. अंबेडकर जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। निगम अधिकारियों का कहना है कि इस अभियान का उद्देश्य ना सिर्फ स्वच्छता बनाए रखना है, बल्कि महान समाज सुधारक और देश के मार्गदर्शक डॉ.आंबेडकर जी के विचारों को जन-जन तक पहुँचाना भी है। बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष में फरीदाबाद नगर निगम द्वारा अपने सभी जॉन में आज विशेष सफाई अभियान स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया है कि अलग अलग स्थानों पर कर्मचारियों ने विशेष सफाई अभियान के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। बता दें कि सफाई अभियान फरीदाबाद शहर में विभिन्न स्थानों पर लगी हुई भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमाओं को साफ़ किया गया। इस स्वच्छता अभियान में विभिन्न नेताओं ,सामाजिक धार्मिक संगठनों ने भी बढ़ चढ़कर भग्न लिया।






# इंजीनियर परिवार की एक साथ 5 अर्थियां उठीं

## लखनऊ में बच्ची का शव देख देवरानी चीखी....भाभी उठो न, श्री गोद में है

**लखनऊ।** सोमवार को इंजीनियर परिवार के 5 लोगों अर्थियां एक साथ उठीं। यह देख वहां चीख-पुकार मच गई। देवरानी ने शव से लिपटकर चीखते हुए कहा- भाभी उठो, श्री आपकी गोद में है। अभी तो छुट्टियों का प्लान बना रही थीं...कहां चली गईं? इसके बाद रोते-रोते गश खाकर गिर पड़ी। रविवार को पूरा परिवार खाटूश्याम दर्शन करने गया था। जयपुर में उनकी कार ट्रेलर से टकरा गई। हादसे में इंजीनियर अभिषेक, बैंक मैनेजर पत्नी प्रियांशी, 7 माह की बेटी श्री, पिता सत्यप्रकाश और मां रमादेवी की मौत हो गई थी। अभिषेक के बड़े भाई हिमांशु, चाचा चंद्रप्रकाश और अन्य परिजनों ने कांपते हाथों से अर्थी को कंधा दिया। कफन में लिपटी मासूम के शव को देखकर लोग कांप उठे। शवों को रखने के लिए दो गाड़ियां मंगाई गई थीं। एक में पति-पत्नी और दूसरी गाड़ी में मां-बाप के शवों को रखा गया। हिमांशु ने चारों शवों को





मुखाग्नि दी। मां की चिता के पास ही श्री के शव को लेकर उसके मामा खड़े थे। मां की चिता से कुछ दूरी पर मासूम श्री के शव को मामा और उसके ताऊ ने दफनाया। पहले रविवार को लखनऊ के इंजीनियर समेत परिवार के 5 लोगों की जयपुर में सड़क हादसे में मौत हो गई। परिवार खाटूश्यामजी जा रहा था। हाईवे पर मनोहरपुरा मोड़ के पास तेज रफ्तार कार सामने से आ रहे ट्रेलर से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रेलर सड़क से नीचे जाकर पलट गया। टक्कर से कार के परखच्चे उड़ गए। कार से शवों को बाहर निकालने के लिए पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। हादसे में मरने वालों की पहचान लखनऊ के बालागंज इलाके के रहने वाले सॉफ्टवेयर इंजीनियर अभिषेक सिंह (35), उनकी पत्नी प्रियांशी (30), पिता सत्य प्रकाश (60), मां रामा देवी (55) और 6 महीने की बेटी के रूप में हुई थी। प्रियांशी बैंक ऑफ बड़ौदा की गोमतीनगर ब्रांच में मैनेजर थीं। सत्य प्रकाश मल्टीनेशनल कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर थे। बच्ची का नामकरण नहीं हुआ था, घर के लोग उसे श्री कहकर बुलाते थे। हाल में ही बच्ची का मंथली बर्थडे मनाया गया था।पांच शव घर पहुंचते ही कोहराम मच गया। महिलाओं का रो-रोकर बुरा हाल था। अभिषेक की भाभी ज्योति, प्रियांशी की तस्वीर को सीने से लगाकर कहती , अभी तो छुट्टियों का प्लान बना रही थीं...कहां चली गईं? महिलाएं एक-दूसरे से लिपटकर सिसकती रहीं। कोई श्री के झूले को पकड़कर रो रहा था, तो कोई रामादेवी की साड़ी को निहारते हुए बुदबुदा रहा था- दीदी, खाटू श्याम के दर्शन की खुशी मनाने जा रही थीं, क्या पता था ये अंतिम यात्रा होगी। हर शख्स एक-दूसरे को ढांढस बंधा रहा था, लेकिन खुद अंदर से टूटा हुआ था। 7 माह की श्री के झूले के पास उसके खिलौने अब भी रखे हैं, लेकिन उन्हें पकड़ने वाला कोई नहीं है। हर किसी की नजरें झूले की ओर जातीं और फिर आंसू बह निकलने लगते। सुबह 8:30 बजे जैसे ही फोन आया, लखनऊ में मच गया कोहराम परिवार को हादसे की जानकारी रविवार सुबह 8:30 बजे मिली। चाचा चंद्रप्रकाश के अनुसार- ह्लहम लोग नाश्ता कर रहे थे, तभी दामाद का फोन आया कि जयपुर में हादसा हो गया है, सभी चले गए। यह सुनते ही पूरे घर में चीख-पुकार मच गई। अभिषेक के बड़े भाई हिमांशु परिवार के अन्य लोगों के साथ तत्काल जयपुर रवाना हुए।अभिषेक ने सिर्फ तीन दिन की छुट्टी ली थी। शनिवार को भांजे का जन्मदिन मैनपुरी में मनाया। रविवार को खाटू श्याम के दर्शन की योजना थी। सोमवार को बेटे जियांशु का मुंडन होना था। लेकिन किस्मत ने ऐसा पलटा मारा कि तीनों मौकों की जगह अब सिर्फ अंतिम संस्कार हुआ। अब परिवार में बचे हैं सिर्फ अभिषेक के बड़े भाई हिमांशु, उनकी पत्नी ज्योति और बेटा जियांशु। वहां उनके चचेरे भाई आदित्य प्रकाश सिंह मिले। आदित्य ने बताया कि अभिषेक का पूरा परिवार मूलतः सीतापुर के मिश्रिख इलाके का रहने वाला है। अभिषेक ने 2020 में सेकेंड हैंड VERNA कार (वढ 32 एर 8766) खरीदी थी। सभी लोग उसी कार से शनिवार शाम 5 बजे मैनपुरी के लिए निकले थे।

## अंबेडकर जयंती पर बौद्ध संग्रहालय में छाया चित्र प्रदर्शनी आयोजित

**संवाददाता**
**कसया, कुशीनगर।**
राजकीय बौद्ध संग्रहालय, कुशीनगर के सभागार में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती उनके जीवन पर आधारित छाया चित्र प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी में उनके जीवन के विविध दृश्यों को दशार्या गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री धर्मवीर सिंह, तहसीलदार कसया द्वारा डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन



अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. विश्वंभर नाथ प्रजापति ने डॉ. अंबेडकर के जीवन के विभिन्न पहलुओं और राष्ट्र के एकीकरण में उनकी निर्णायक भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रो. पारसनाथ सिंह, सुमित त्रिपाठी ने अपने विचार रखे। अध्यक्षता डॉ. निगम मौर्य व अतिथियों का स्वागत संग्रहालय के तेजप्रताप शुक्ला व संचालन तरुण शुक्ला ने किया। इस अवसर पर बुद्ध महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। इस दौरान धीरेंद्र मिश्र, दिनेश दुबे, नसीरुद्दीन बेग व कर्मी मौजूद थे।

## हमीरपुर की मुस्करा पुलिस ने अवैध असलहे के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**संवाददाता**
**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर की मुस्कुरा पुलिस ने एक अदद अवैध असलहा 315 बोर के साथ 23 वर्षीय अभियुक्त अर्जेन्द्र कुमार पुत्र जगतपाल राजपूत को मौदहा मार्ग स्थित नहर पुलिया ग्राम बसवारी से गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की। वही मुस्कुरा पुलिस ने बताया कि पकड़े गये अभियुक्त के खिलाफ मु0अ0सं0 60/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत



मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया गया , जबकि अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में एस आई रामशिरोमणि, हेड कांस्टेबल वेदप्रकाश सहित कांस्टेबल प्रशून पाण्डेय शामिल रहे।

## बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा का विधायक पी.एन पाठक ने किया अनावरण



**संवाददाता**
**कसया, कुशीनगर।**नगर पालिका परिषद कुशीनगर के वार्ड नं 8 पं राजमंगल पाण्डेय नगर (पिपरा-प्रेमनगर) में संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के जयंती के पर उनके प्रतिमा का अनावरण कुशीनगर विधायक पी.एन पाठक द्वारा फीता काटकर किया गया। कुशीनगर विधायक पी.एन पाठक ने कहा कि इस पावन अवसर पर आप सभी यह संकल्प लें कि अपने बच्चों को पढ़ा लिखाकर होशियार बनायेंगे। इस दौरान बाबा साहेब के जीवनी पर विधिवत प्रकाश डाला गया। कहा कि विपक्षी दलों की सरकारों ने दलितों को केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल कर ठगने का काम किया है, जबकि भाजपा सरकार भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर से प्रेरणा लेकर उनके सपनों का भारत बनाने में जुटी है।बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के सपनों को भाजपा सरकार साकार कर रही है। नगर पालिका परिषद कुशीनगर के अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल ने कहा कि आप सभी बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलते हुए अपने बच्चों को उच्च शिक्षा प्राप्त के लिए प्रोत्साहित करें। अध्यक्षता पूर्व प्रधान रामचन्द्र प्रसाद तथा संचालन पूर्व सभासद अशोक चौधरी ने किया। इस अवसर पर नगर मंडल अध्यक्ष आद्या पाण्डेय, डा भोला यादव, सभासद प्रतिनिधि रामदरश चौहान, बैजू चौहान, विधायक प्रतिनिधि रुद्र प्रकाश सिंह, अमित मालवीय, राज पाठक, सभासद सूर्यनाथ यादव, बबलू प्रसाद,राजन प्रसाद, नकुल प्रसाद, नर्सिंग चौहान, भीम यादव, अजय राय, श्याम बिहारी कुशवाहा मौजूद थे।

## अंबेडकर ने महिलाओं को दिया बराबरी का हक : शैलेश त्रिपाठी

**संवाददाता**
**कसया, कुशीनगर।** तहसील अंतर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय अन्धया में जयंती अवसर पर डॉ भीमराव अंबेडकर व मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया गया।
सोमवार को खंड शिक्षा अधिकारी कसया/ फाजिलनगर- विजयपाल नारायण त्रिपाठी के निर्देशन आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक शैलेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि जब भारत का संविधान बना तो डॉ अंबेडकर ने



महिलाओं को बराबरी का हक दिया। जिसको आज हम कहते हैं समान नागरिक संहिता' यूनिफॉर्म सिविल कोर्ट सरकार कह रही है कि हम लेकर आएंगे । यह जिद जिस व्यक्ति ने की थी, वह डॉक्टर भीमराव अंबेडकर थे । उनको पता था जब तक सामाजिक कानून सभी धर्म में पुरुष और महिलाओं के लिए बराबर नहीं होंगे तब तक महिलाएं आगे नहीं बढ़ सकती ।विशिष्ट अतिथि श्याम बदन कुशवाहा ने कहा कि छुआछूत समाज के लिए अभिशाप है।
कार्यक्रम को हृदयानंद पटेल, शशिकांत राव, धर्मदेव कुशवाहा ने संबोधित किया। इस अवसर पर सपना शर्मा, रागिनी पाण्डेय,अतवारी देवी, राबड़ी देवी , झेगट प्रसाद, मनीष यादव, अंशिका कुशवाहा, मीनाक्षी कुशवाहा, रिया कुशवाहा, कुमारी बिंदु , कुमारी सिंधु मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## बाबा साहब समाज के प्रत्येक वर्ग के मसीहा: सिया शरण पाण्डेय

**संवाददाता**
**कुशीनगर।** भारत के संविधान शिल्पकार, भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की 137 जयंती राष्ट्रीय लोक दल द्वारा पूरे जनपद में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। रालोद द्वारा पडरौना और अन्य जगहों पर स्थापित अंबेडकर प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया और संविधान रक्षा की शपथ ली गई। कसया तहसील क्षेत्र के ग्राम मधुरिया में आयोजित अंबेडकर



जयंती पर मुख्य अतिथि रालोद के प्रदेश सचिव सिया शरण पान्डेय ने कहा कि बाबा साहब समाज के प्रत्येक वर्ग के मसीहा थे। उन्होंने देश के सभी नागरिकों को समानता, सम्मान, जीवन जीने का हक, अभिव्यक्ति की आजादी दी। उन्होंने हमें शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और न्याय का अधिकार दिया। हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर खुशहाल भारत बनाना होगा। अध्यक्षता करते हुए रालोद जिलाध्यक्ष विनोद प्रताप कुंवर ने कहा कि अंबेडकर ने भारत को विश्व का सबसे बड़ा संविधान दिया। वरिष्ठ नेता रालोद राम भवन राव ने कहा कि आज उनके विचार बहुत ही प्रासंगिक हैं। हमें उनके बताए मार्ग पर चलना होगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रभुदत पांडेय, पुष्कर चौरसिया, महेंद्र लाल श्रीवास्तव, दुर्गेश गौड़, सुभाष प्रजापति, चंद्रमन प्रसाद, पंकज पासवान, अमिताभ अंसारी, नइम खां, श्रीमती फुलेश्वरी देवी, इंद्रावती देवी, गैसा देवी, पानमति देवी, चन्द्रावली देवी आदि लोग मौजूद रहे। संचालन श्रीनिवास गुप्ता ने किया।

## बरेली में एक्सीडेंट में तीन घायल

**बरेली।** शाहजहांपुर रोड पर नरियावल के पास एक गंभीर सड़क हादसा हुआ। लकड़ी से भरी ट्रैक्टर-ट्राली ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। इस हादसे में आम आदमी पार्टी के ओबीसी प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. प्रेमपाल



सिंह समेत तीन लोग घायल हो गए। घायलों में थाना फरीदपुर क्षेत्र के गांव ओसड़ निवासी डॉ. प्रेमपाल सिंह, उनके साथी सुजांश सिंह और ई-रिक्शा चालक रमेश मौर्य शामिल हैं। तीनों फरीदपुर से बरेली की ओर जा रहे थे। थाना बिथरी चैनपुर क्षेत्र के नरियावल के पास ट्रैक्टर-ट्राली ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ई-रिक्शा पलट गया। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। घायलों को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों के परिजनों ने कैंट पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। टक्कर मारने वाला ट्रैक्टर-ट्राली चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## राम मंदिर के मुख्य शिखर पर कलश स्थापित

**अयोध्या।** में सोमवार सुबह राम मंदिर के मुख्य शिखर पर कलश की स्थापना की गई। कलश की पहले पूजा की गई। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार और हवन-पूजन के साथ इसे मुख्य शिखर पर रखा गया। परकोटे और सप्त ऋषि मंदिरों की मूर्तियां आज जयपुर से अयोध्या पहुंच सकती हैं। राम मंदिर परिसर में लगने वाली सभी मूर्तियां 30 अप्रैल तक मंदिरों में रख दी जाएंगी। राम मंदिर की सुरक्षा के लिए 4' लंबी दीवार बनाने का



काम शुरू होगा। डेढ़ साल में ये दीवार बनकर तैयार होगी। राम मंदिर निर्माण समिति की दूसरे दिन की बैठक के बाद ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने ये जानकारी दी।राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने कहा- इंजीनियर इंडिया लिमिटेड राम मंदिर की सुरक्षा दीवार बनाएगी। दीवार की ऊंचाई और मोटाई कितनी होगी, इस पर फैसला लिया जा रहा है। मिट्टी की जांच के बाद निर्माण शुरू किया जाएगा। वहीं, यात्री सुविधा केंद्र की क्षमता बढ़ाई जाएगी। 10 एकड़ भूमि पर शू रैक बनेगा राम मंदिर परिसर में ही 10 एकड़ भूमि में शू रैक बनेगा। जिसमें लगभग 62 काउंटर समान रखने के लिए होंगे। 10 एकड़ में ही साधना स्थल बनाया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु पूजा-पाठ कर सकेंगे। कुबेर टीला और साधना स्थल तक हरियाली होगी। राम जन्मभूमि परिसर की मिट्टी राम भक्तों में वितरित किए जाने की चर्चा पर नृपेंद्र मिश्रा ने कहा- अभी ऐसा कोई निर्णय नहीं लिया गया है। साधना स्थल और पार्क को समतल करने में मिट्टी की जरूरत पड़ेगी। निर्माण काम की खोदाई में जो मिट्टी निकल रही, वह बाहर नहीं जाएगी।

## डा. अंबेडकर के विचारों पर चलकर ही होगा समरस समाज का निमार्ण: विधायक सुरेंद्र कुशवाहा

**संवाददाता**
**कुशीनगर।** नगर। फाजिलनगर क्षेत्र के लाला गुरवलिया टोला महुआरी में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा संविधान निमार्ता भारतरत्न डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा की साफ-सफाई और माल्यार्पण से हुई। इस अवसर पर



उपस्थित वक्ताओं ने उनके योगदान को याद किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक सुरेंद्र कुमार कुशवाहा ने कहा कि डा. अंबेडकर ने देश को एक समावेशी और न्यायसंगत समाज की दिशा दिखाई। आज जरूरत है कि हम उनके विचारों को आत्मसात करें और सामाजिक समरसता को मजबूत करें। उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि संघर्ष और शिक्षा से हर बाधा को पार किया जा सकता है।भाजपा के जिला उपाध्यक्ष दिवाकर मणि त्रिपाठी ने कहा कि डा. अंबेडकर का जीवन प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने समाज के अंतिम व्यक्ति के अधिकारों के लिए जो संघर्ष किया, वह हमें आज भी सामाजिक न्याय की दिशा में कार्य करने की प्रेरणा देता है। भाजपा ऐसे महान व्यक्तित्व के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय मंत्री सत्येंद्र मिश्र, वरिष्ठ नेता चंद्रप्रकाश यादव चमन, मंडल अध्यक्ष राणा प्रताप सिंह, महेंद्र शर्मा सहित कई कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे।उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम के दौरान कन्हैया पांडेय, अनिल निर्मल, प्रमोद सिंह, विकास मौर्या, कन्हैया गोड़, विशाल मौर्या, राजेश दूबे, रामाज्ञा प्रसाद, हरेंद्र प्रसाद आदि ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## संक्षिप्त डायरी

### हमीरपुर की राठ पुलिस ने तीन फरार चल रहे अभियुक्तों को चोरी के सामान के साथ किया गिरफ्तार

**संवाददाता**
**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश हमीरपुर की राठ पुलिस ने अपराधियों की धरपकड़ के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत मुकदमा अपराध संख्या 160/25 धारा 303(2)/317(2) बीएन एस के मामले में फरार चल रहे 20 वर्षीय पंकज पुत्र भजनलाल




कुशवाहा, जबकि 18 वर्षीय इतेन्द्र पुत्र प्यारे लाल गौतम,वहीं 19 वर्षीय हरेन्द्र पुत्र वीरेन्द्र सिंह राजपूत सहित तीन अभियुक्तों को मोर्चरी हाउस के पास प्रतिक्षालय, राठ से चोरी के माल के साथ गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की,वही तलाशी के दौरान अभियुक्तों के पास से पुलिस ने चार अदद लिवगार्ड बैट्री बरामद की। जबकि तीनों अभियुक्तों की गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एस आई रामनरेश राजपूत,कांस्टेबल अभिषेक राजपूत सहित कांस्टेबल अमित कुमार शामिल रहे।

### बाबा रामदेव के 'शरबत जिहाद' बयान पर विवाद

**सहारनपुर।** योग गुरु बाबा रामदेव के 'शरबत जिहाद' वाले बयान पर मुस्लिम धर्म गुरुओं ने नाराजगी जताई है। उनके बयान को मुस्लिम धर्मगुरुओं ने नफरत फैलाने वाला और गैर-जिम्मेदाराना बताया। देवबंद के जमीयत दावतुल मुस्लिमीन के संरक्षक मौलाना कारी इसहाक गोरा ने कहा- बाबा रामदेव बयान के लिए जब तक जनता से माफी नहीं मांगते तब तक पतंजलि



उत्पादों का बॉयकाट करें। रविवार को एक वीडियो जारी करते हुए कारी इसहाक ने कहा- मैं बाबा रामदेव को बुद्धिजीवी समझता था। मगर उनके अल्फाजों से दुख हुआ। ऐसी बातें करने वाला बुद्धिजीवी नहीं हो सकता। उन्हें जनता से माफी मांगनी चाहिए।एक वीडियो में योग गुरु रामदेव ने पतंजलि के शरबत का प्रचार करते दिख रहे हैं। उन्होंने कहा, गर्मियों में प्यास बुझाने के लिए सॉफ्ट ड्रिंक के नाम पर ठंडा मतलब टॉयलेट क्लीनर पीते रहते हैं। एक तरफ टॉयलेट क्लीनर का प्रहार जहर है। दूसरी तरफ शरबत के नाम पर एक कंपनी है। जो शरबत तो देती है। मगर शरबत से जो पैसा मिलता है उससे मदरसे और मस्जिदें बनवाती है। अगर आप वो शरबत पिएंगे तो मस्जिद और मदरसे बनेंगे। अगर आप पतंजलि का शरबत पिएंगे तो गुरुकुल बनेंगे। आचार्य कुलम बनेगा। पतंजलि विश्वविद्यालय और भारतीय शिक्षा बोर्ड आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा- इसलिए मैं कहता हूं ये शरबत जिहाद है। जैसे लव जिहाद, वोट जिहाद चल रहा है। वैसे ही शरबत जिहाद भी चल रहा है। मौलाना कारी इसहाक गोरा ने कहा- मैंने हाल ही में बाबा रामदेव का एक वीडियो देखा। जिसमें वह अपने शरबत का प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने हाथ में एक दूसरा शरबत दिखाते कहा- इस शर्बत को बनाने वाली कंपनी के पैसे से मस्जिद और मदरसा बनते हैं। यकीनन उनका इशारा हमदर्द कंपनी की रूहअफजा पर था। उनका यह बयान यह निदंनीय है। वीडियो में वह कह रहे हैं कि लव जिहाद, लैंड जिहाद, वोट जिहाद की तरह शरबत जिहाद चल रहा है। उनके अल्फाजों से दुख हुआ है। मौलाना ने कहा- हमदर्द जैसी प्रतिष्ठित कंपनी आजादी से पहले से ही देश में सेवा कर रही है। उसकी पहचान, उसकी गुणवत्तापूर्ण यूनानी व आयुर्वेदिक दवाओं व शरबतों से है। रूहअफजा भारत की गंगा-जमुनी तहजीब का प्रतीक है। जिसे सभी धर्मों, जातियों और क्षेत्रों के लोग पसंद करते हैं।भारत में व्यापार धर्म के आधार पर नहीं, बल्कि गुणवत्ता, भरोसे और इंसाफ पर होता है। जो व्यक्ति अपने उत्पाद बेचने के लिए दूसरे धर्म या समुदाय को बदनाम करे, वो समाज का दुश्मन है। न कि योग का प्रचारक।

### कर्नाटक पुलिस का 1400ङे का सफर झांसी में बेगुनाह मिला ट्रांसपोर्टर

**झांसी।** के ट्रांसपोर्टर सुमित गुप्ता झूठे केस में जेल जाने से बच गए। उनके एक ट्रक की नंबर प्लेट से कर्नाटक में फ्रॉड हुआ। ट्रक पर फर्जी नंबर प्लेट का इस्तेमाल कर ठग फैक्ट्री से 14 लाख की चीनी लेकर गायब हो गए। ठग सुमित गुप्ता नाम का आधार कार्ड और पैनकार्ड भी दे गए। जब 1400 किलोमीटर का सफर तय करके कर्नाटक पुलिस सुमित गुप्ता को पकड़ने झांसी पहुंची तो इस



फजीर्वाड़े का खुलासा हुआ। वारदात में इस्तेमाल ट्रक व सुमित का ट्रक दिखने में अलग-अलग है। वारदात के समय सुमित का ट्रक मध्य प्रदेश में था। आधार कार्ड व पैनकार्ड पर सुमित गुप्ता का नाम सही था। मगर, फोटो, नंबर और एड्रेस गलत है। 12 घंटे की पड़ताल के बाद कर्नाटक पुलिस ने सुमित को कस्टडी से रिहा कर दिया।कर्नाटक के बागलकोट की एक फैक्ट्री से UP93 BT2248 नंबर का ट्रक 14 लाख की चीनी लेकर 17 फरवरी को उड़ीसा रवाना हुआ। मगर चीनी उड़ीसा नहीं पहुंची। ड्राइवर ने सुमित गुप्ता नाम का आधार कार्ड और पेनकार्ड की कॉपी फैक्ट्री में जमा कराई थी। फ्रॉड के बाद मालिक ने सवालगी थाने में केस कराया। पुलिस ने ट्रक नंबर की डिटेल निकाली तो पता चला कि ट्रक झांसी के पिछोर की गेंडा कॉलोनी में रहने वाले ट्रांसपोर्टर सुमित गुप्ता का है। तब कर्नाटक पुलिस सुमित को उठाने रविवार को झांसी पहुंच गई। लेकिन यहां सुमित बेगुनाह मिला।जिस ट्रक से चीनी गायब हुई, कर्नाटक पुलिस के पास उसका वीडियो था। सुमित गुप्ता ने बताया- उस ट्रक और मेरे ट्रक में काफी अंतर था। चूंकि मेरा ट्रक निवाड़ी में था। ड्राइवर को वीडियो कॉल कर पुलिस को दिखाया। फिर कर्नाटक पुलिस मुझे लेकर निवाड़ी गई। ट्रक की जांच की तो माना की ट्रक में अंतर है।दूसरा: जीपीएस लोकेशन निवाड़ी मेंघटना 17 फरवरी को हुई थी। उस दिन सुमित गुप्ता का ट्रक निवाड़ी में था। कर्नाटक पुलिस ने सबूत मांगा तो सुमित बोला कि ट्रक में जीपीएस लगा है। 16, 17 और 18 फरवरी की लोकेशन निकालकर दी। तीनों दिन ट्रक की लोकेशन निवाड़ी में मिली।तीसरा- फर्जी आधार व पैनकार्डकर्नाटक पुलिस के पास सुमित गुप्ता नाम के आधार कार्ड और पैनकार्ड था। सुमित ने कहा कि ये मेरे नहीं है। इस पर मेरा और पिता का नाम सेम है। बाकी फोटो, नंबर और एड्रेस सब गलत है। सुमित ने अपने ऑरिजन आधार कार्ड और पेनकार्ड दिखाए।सुमित गुप्ता का ट्रांसपोर्ट का काम है। उनका कहना है- रविवार सुबह करीब 8 बजे घर के पास घूम रहा था। बिना नंबर की कार से कर्नाटक पुलिस के जवान आए। जो वर्दी नहीं पहने थे। बोले कि सुमित गुप्ता हो। हां कहते ही जबरन कार में डालने लगे। चिल्लाने पर आसपास के लोग एकत्र हो गए और बदमाश समझकर सभी को पकड़ लिया। तब बोले कि हम लोग कर्नाटक पुलिस है।

## संपादकीय

# प्राइवेट स्कूलों की मनमानी पर लगाम कब तक लगेगी ?

प्राइवेट स्कूलों द्वारा फीस में बेलगाम बढ़ोतरी की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। प्राइवेट स्कूलों के संचालकों में मुनाफा कमाने का लालच इस कदर बढ़ता जा रहा है कि वे सारी सीमाओं को तोड़ते जा रहे हैं। स्कूल से जबरदस्ती महंगी किताबें खरीदने के लिए मजबूर करने का मामला हो या फिर तय की गई दुकानों से ही घटिया क्वालिटी की ड्रेस ज्यादा कीमत पर खरीदने का दबाव हो, ऐसा लगता है कि इनपर कोई कानून या नियम लागू नहीं होता है।


नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

प्राइवेट स्कूलों की लॉबी इतनी ज्यादा मजबूत हो गई है कि अब इन्हें सरकारों का भी कोई भय नहीं रहा है। उम्मीद करते हैं कि दिल्ली की बीजेपी सरकार इस स्कूल के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए एक उदाहरण सेट करेगी ताकि भविष्य में कोई भी स्कूल इस तरह की हरकत करने के बारे में सोच भी नहीं सके।

दिल्ली के कई प्राइवेट स्कूलों के बाहर मनमानी फीस बढ़ोतरी के खिलाफ अभिवावक प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। वहीं वसंतकुंज स्थित एक प्राइवेट स्कूल ने तो अभिभावकों के स्कूल परिसर में आने पर प्रतिबंध तक लगा दिया है। सही मायनों में कहा जाए तो यह स्कूलों की तानाशाही है और इस देश की सरकारों और लोकतांत्रिक व्यवस्था पर कई तरह के सवाल खड़े करती है।

देश की राजधानी दिल्ली में 1700 के लगभग प्राइवेट स्कूल हैं। इनमें सरकारी जमीन पर बने प्राइवेट स्कूल 448 हैं। सरकार द्वारा बनाए गए नियम के हिसाब से सभी स्कूलों को हर साल फाइनेंशियल स्टेटमेंट देना जरूरी होता है। अगर शिक्षा निदेशालय को फीस बढ़ोतरी गलत लगती है, तो वो इसे रोक सकती है और स्कूल को बढ़ी हुई फीस अभिवावकों को वापस देनी होगी।

लेकिन सरकार चुप है, अधिकारी अपना काम नहीं कर रहे हैं और इसका नतीजा स्कूलों की मनमानी के रूप में सामने आ रहा है। बताया जा रहा है कि दिल्ली के कई प्राइवेट स्कूलों ने 10 प्रतिशत से लेकर 30 प्रतिशत तक फीस बढ़ा दी है। ये स्कूल ट्यूशन फीस, डिवेलपमेंट फीस, ट्रांसपोर्ट फीस के अलावा ओरिएंटेशन फीस, एसी, स्कूल ऐप और स्मार्ट क्लास के नाम पर भी तगड़ी वसूली कर रहे हैं।

प्राइवेट स्कूलों के मालिकों में मनमानी करने की हिम्मत आ गई है। यह बात अगर जनता के मन में बैठ गई तो फिर बीजेपी के लिए मुश्किलें खड़ी हो जाएगी। आम आदमी पार्टी इसे एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बनाने की कोशिश लगातार कर रही है। समय की यह मांग है कि सरकार आगे आए और इन प्राइवेट स्कूलों की दादागिरी, मनमानी और तानाशाही भरे रवैए पर रोक लगाए या फिर कड़ी कार्रवाई करें। हालांकि यह भी एक कड़वी सच्चाई है कि प्राइवेट स्कूलों की यह मनमानी किसी एक शहर या किसी एक राज्य तक ही सीमित भर नहीं है।

# कनीना आनाज मंडी का डीसी ने किया निरीक्षण

### सरसों व गेहूं की खरीद एजेंसी व मार्केट कमेटी के अधिकारियों को दिए जरूरी दिशा-निर्देश

### किसानों की वजन सम्बंधी समस्या पर धर्मकांटे की बजाय छोटे कांटे से तुलाई कर संशय दूर करें





**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना की नयी मंडी चेलावास में तीन दिन के अवकाश के बाद सोमवार से सरसों की खरीद शुरू हुई। दोपहर होने तक 225 किसानों 2110 क्विंटल सरसों मंडी में पंहुच चुकी थी। सोमवार से व्यापारियों द्वारा ओपन खरीद शुरू की गई है। खरीद कार्य में धांधली बरते जाने के आरोपों को लेकर स्टेट वेयर हाउस की डीएम रेखा सिंह ने किसानों की उपसथिति में आधार कार्ड प्रति लेकर सरसों की खरीद करने को कहा। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता बनाए रखने के लिए ऐसा किया जाना जरूरी है। जिस पर व्यापारियों ने किसानों को मंडी में सरसों डालने के बाद न ठहरने का तर्क दिया वहीं मार्केट कमेटी की ओर से उन्हें लिखित में आदेश जारी करने को कहा। डीएम रेखा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसान मौके पर हाजिर रहेगा तो ही उसकी सरसों खरीदी जाएगी। इसके लिए खरीद कार्य दोपहर की बजाय सुबह 9 बजे से ही शुरू कर दिया जाएगा।

**डीसी ने किया कनीना मंडी का निरीक्षण**

ईधर डीसी डॉ विवेक भारती ने सोमवार को कनीना मंडी का




निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सरसों की खरीद एजेंसी स्टेट वेयर हाउस, गेहूं की खरीद एजेंसी फूड सप्लाई एवं मार्केट कमेटी सचिव तथा किसानों से खरीद सम्बंधी जानकारी ली। डीएफएससी केपी बूरा ने मंडी में लगे धर्मकाटें के वजन में कुछ फर्क आने की बात डीसी के समक्ष रखी तो मार्केट कमेटी के सचिव विजय सिंह एवं व्यापारियों ने वजन में शक बताने वाले किसानों की सरसों की अलग से ढेरी बनाकर उसकी छोटे कांटे से वजन कर संतुष्टि प्रदान करने की बात कही। डीसी ने खरीद के साथ-साथ उठान कार्य का भी जायजा लेने के साथ-साथ बिजली, पेयजल व शौचालय की जानकारी ली। किसानों की मांग पर उन्होंने चेलावास से ककराला, कनीना से गाहडा तथा कनीना-महेंद्रगढ मुख्य मार्ग से गुढा के टूटे लिंक रोड के नवीनीकरण करने का आश्वासन दिया। सडक टूटी होने के कारण इन रास्तों से किसान मंडी में पंहुचने से गुरेज करने लगे हैं।

**बृहस्पतिवार तक सवा लाख क्विंटल सरसों की हुई थी आवक**

मार्केट कमेटी के सचिव विजय सिंह ने बताया कि बृहस्पतिवार तक मंडी में 125583 क्विंटल सरसों की आवक हुई थी जिसमें से खरीद एजेंसी स्टेट वेयर हाउस की ओर से 105720 क्विंटल सरसों की खरीद की गई थी। उन्होंने बताया कि कनीना की पुरानी मंडी में गेहूं की खरीद की जा रही है। जहां अब तक 29589 क्विंटल गेहूं की आवक हुई है वहीं खरीद एजेंसी फूड सप्लाई की ओर से 28302 क्विंटल गेहूं की खरीद की जा चुकी है। खरीदे गए गेहूं से साढे चार हजार क्विंटल गेहूं का उठान किया जा चुका है।

**ये रहे हाजिर**

डीसी द्वारा मंडी का निरीक्षण करते समय स्टेट वेयर हाउस की प्रबंधक सीमा सिंह, पटवारी अनूप सुहाग, मंडी सुपरवाइजर सतीश कुमार, ओआर वीरेंद्र सिंह के अलावा मनीष गुप्ता, राधेश्याम शर्मा, नरेंद्र कुमार, हनुमान सिंह, बंटी सहित व्यापारी एवं किसान उपसथित थे।

# भाजपा सरकार आम्बेडकर की मूल भावना के खिलाफः आफताब अहमद

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** देश के संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नूंह के आंकेडा गांव में पहुंचकर गोष्ठी आयोजित की और उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए खिराज ए अकीदत पेश की। कार्यक्रम की अध्यक्षता नूंह विधायक चौधरी आफताब अहमद ने कि जबकि कांग्रेस जिला संयोजक महताब अहमद मुख्य रूप से शामिल रहे। कार्यक्रम में 36 बिरादरी के जिम्मेदार लोग मौजूद रहे। कांग्रेस के नूंह विधायक आफताब अहमद ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने ना सिर्फ देश के संविधान को बनाया बल्कि समरसता के उस भाव को भी आगे बढ़ाया है, जो भारतीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। अंबेडकर ऐसे महापुरुष थे जिन्होंने देश की अखंडता एवं एकता के लिए सतत प्रयास किया, उन्होंने ऐसे संविधान का निर्माण किया जिसमें से सभी वर्गों को समानता का भाव मिले। बाबा साहब डॉ-भीमराव अंबेडकर ने सामाजिक समरसता को बढ़ाने और भेदभाव की खाई पाटने के लिए देश को सशक्त संविधान दिया। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि भारत और चीन एक समय में ही आज़ाद हुए थे जहां चीन ने एक पार्टी के राज को केन्द्रित कर अपनी नीतियां बनाई वहीं कांग्रेस ने डॉ भीमराव अंबेडकर के सहयोग से भारत में ऐसे संविधान का निर्माण किया जिसमें सभी वर्गों को समान अवसर व एक वोट का अधिकार दिया गया। हालांकि कांग्रेस चाहती



तो वो भी एक पार्टी के राज अनुरूप संविधान बना सकती थी लेकिन कांग्रेस पार्टी राज से अधिक देश निर्माण में अधिक गंभीर थी। जबकि आज की सत्ता धारी पार्टी भाजपा एक ही पार्टी के राज के लिए ध्रुवीकरण की कोशिश में लगी रहती है।

विधायक आफताब अहमद ने कहा कि अंबेडकर जी को भारतीय संविधान का शिल्पकार भी कहा जाता है। जिसके आधार पर आज भारत देश की प्रशासनिक व्यवस्था चल रही है जिसमे सभी प्रकार से सभी वर्गों को समान अवसर दिए गए है। डा- आंबेडकर ने सभी वर्गों के लिए बेहतर कार्य किया। सच्चे अर्थों में देश के हर वर्ग के लिए आंबेडकर प्रेरणा स्त्रेत हैं। उन्होंने समाज और देश को संगठित करने और संघर्ष करने का नारा दिया था।डा- भीमराव आंबेडकर का सपना था कि समाज में हर व्यक्ति शिक्षित हो। शिक्षित समाज से ही देश व प्रदेश का विकास संभव है। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि डॉ. बाबासाहब आम्बेडकर भारतीय बहुज्ञ, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ, लेखक और समाजसुधारक थे। उन्होंने दलित बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया और अछूतों (दलितों) से होने वाले सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया था। उन्होंने श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन भी किया था। वे स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि एवं न्याय मन्त्री, भारतीय संविधान के जनक एवं भारत गणराज्य के निर्माताओं में से एक थे। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि भाजपा सरकार गरीब, अल्पसंख्यक और दलित विरोधी है। भाजपा के लोग शत प्रतिशत संविधान विरोधी हैं! वे लोग हमेशा विभिन्न वर्गों को निशाना बनाते हुए संविधान पर कुठाराघात करते रहते हैं! समय-समय पर भाजपा की सरकार इस तरह के प्रयास करती है जिससे लोगों का ध्यान उनके वास्तविक मुद्दों जैसे गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई, पलायन, शिक्षा व स्वास्थ्य व्यवस्था की दुर्गति से हटे!

कांग्रेस नूंह संयोजक महताब अहमद ने कहा कि भाजपा की नफरत में डूबी बयानबाजी भारत के सामाजिक ताने-बाने के लिए एक गंभीर खतरा है। इस नफरत का एकमात्र विकल्प संविधान में निहित देश है। यह एक ऐसा विचार है, जो भारत के नागरिकों को परस्पर सम्मान, प्रेम और उत्थान के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता के आधार पर एकबद्ध करता है, किंतु भाजपा सरकार संवैधानिक ताकतों का गलत इस्तेमाल कर भाजपा संविधान के साथ खिलवाड़ कर रही है। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि राजस्थान विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष के दर्शन करने के बाद एक मंदिर का 'शुद्धिकरण' किए जाने की घटना भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की दलित विरोधी मानसिकता का खुला प्रदर्शन है। भाजपा और आरएसएस की विचारधारा की जड़ें ही दलित-विरोध, भेदभाव और एक संकीर्ण मानसिकता में गहरे धंसी हुई हैं। नागपुर में इसी सोच की ट्रेनिंग दी जाती है, जहाँ समरसता का ढोंग होता है, उनका यह ढोंग बार बार उजागर होता रहता है। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि संविधान और लोकतंत्र को मजबूत करके ही हम बाबा साहब भीमराव आंबेडकर को सच्ची खिराज ए अकीदत पेश कर सकते हैं। इस दौरान महेंद्र जिला अध्यक्ष एस सी सैल नूंह, मदन तंवर पार्षद, सूरज पाल सरपंच, महेंद्र, राकेश बाल्मीकि, रामजी लाल, सुरेंद्र, श्रीचंद, सुरेश, आमिल चैयरमैन, चर्ण सिंह, प्रीतम गांगोली, रम्मी और अर्जुन आदि मौजूद थे।

# धनौंदा बस स्टैंड पर टैंट हाउस की दुकान से कीमती सामान चोरी

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना-दादरी मार्ग स्थित गांव धनौंदा के बस स्टैंड पर एक टैंट हाउस की दुकान की से बीती रात्री अज्ञात चोर कीमती सामान चोरी कर ले गए।

इस बारे में पृथ्वी सिंह राजपूत ने बताया कि उन्होंने बस स्टैंड पर धनखड टैंट हाउस के नाम से दुकान कर रखी है। जिसमें से 13 अप्रैल की मध्य रात्री के समय अज्ञात चोर पानी की मोटर, बिजली की केबल, सिल्वर के टब आदि चोरी कर ले गए। पृथ्वी सिंह की शिकायत पर कनीना सिटी थाना पुलिस ने मौका मुआयना कर अज्ञात चोरों के विरूध केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# डॉ अम्बेडकर की शिक्षाएं आज भी समाज में प्रचलितः डॉ रिंपी

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** डॉ भीमराव अम्बेडकर द्वारा दी गई शिक्षाएं शिक्षित बनो,एकजुट रहो व संघर्ष करो आज भी समाज में प्रचलित हैं। ये विचार अम्बेडकर चैक पर उनकी आदम कद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने उपरांत नपा की चेयरपर्सन डॉ रिंपी कुमारी ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर ने समाज में समानता लाने के लिए कडा संघर्ष करना पडा था।

उन्ही की बदौलत देश के प्रत्येक नागरिक को अधिकार एवं कर्त्तव्य का ज्ञान हुआ। उन्होंने शिक्षा को आमजन की प्रगति का आधार बताते हुए उसे ग्रहण करने की अपील करते हुए कहा कि शिक्षा से उन्नति के द्वार खुलते हैं।

इस मौके पर पूर्व नपा प्रधान एवं पार्षद राजेंद्र सिंह लोढा, विक्की, दीपक चोधरी, नीतेश गुप्ता, मनीष कुमार, राकेश कुमार, योगेश यादव, नरेंद्र सिंह,जयचंद गोठवाल, राजेंद्र नौताना, सज्जन, गाहडा, नीलम कनीना, अनिल, वेद प्रकाश उपसथित थे।

# अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाओं को लेकर सेवा सुरक्षा सप्ताह शुरू



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** हरियाणा अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं की ओर से सोमवार से सेवा सुरक्षा सप्ताह की शुरूआत की गई है। 20 अप्रैल तक मनाए जाने वाले इस सप्ताह के अंतर्गत आमजन को आगजनी व सडक दुर्घटनाओं के बारे में जागरूक किया जाएगा। अग्निशमन केंद्र कनीना में कार्यरत नरेश मान ने बताया कि क्षेत्र में इस समय रबि फसल कटाई का कार्य जोरों से चल रहा है। इस दौरान उनके पास दिनरात करीब 10 कॉल आगजनि एवं 3-4 कॉल एक्सीडेंट सम्बंधी प्राप्त होती हैं। उनकी ओर से प्रत्येक कॉल पर तत्काल रेस्पॉंस दिया जा रहा है। वे स्वयं तथा उनका स्टाफ अलर्ट मोड पर रहता है। कॉल रिसीव होते ही वे घटनास्थल के लिए रवाना हो जाते हैं लिहाजा आगजनी से होने वाले नुकसान पर काबू पाया जाता है। उन्होंने आगजनी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए आमजन को जागरूक करने की बात कही। उन्होंने कहा कि फसल के सुरक्षित भंडारण के लिए किसान फसल कटाई करते समय बिजली के तारों के नीचे एवं बिजली नियंत्रक मशीन के आसपास कटाई करे। फसल कटाई करते समय किसान बीडी,सिगरेट,हुक्का आदि इस्तेमाल न करे, खेत में कार्य करते समय कम से कम दो बाल्टी पानी अवश्य रखे, आगजनी की घटना होने पर हेल्पलाईन नम्बर 112 पर कॉल करें।

# खरमास हो गए हैं खत्म, विवाह की तैयारियां लोगों ने कर दी हैं शुरू

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** वैवाहिक एवं मांगलिक कार्यों के आयोजन का सिलसिला सोमवार को खरमास खत्म हो जाने के बाद शुरु हो गया है और 58 दिवसीय वैवाहिक आयोजन भी शुरु हो गए हैं। ज्योतिषाचार्य डा. मनोज शर्मा का कहना है कि बैसाख माह के दोनों पक्षों में कुल मिलाकर 30 दिनों में 15 दिन विवाह के शुभ मुहूर्त हैं। ज्येष्ठ माह में भी कुल 12 दिन लगन के मुहूर्त हैं।

**अप्रैल, मई व जून में ये हैं प्रमुख तिथियां**

डा. मनोज शर्मा का कहना है कि अप्रैल माह में 16, 18, 19, 20, 21, 26, 29, 30, मई माह में एक, 5, 6, 8, 9, 10, 14, 15, 17, 18, 22, 23 व 28, जून माह में एक, 2, 5, 7, 8 जून विवाह के शुभ मुहूर्त बताए गए हैं। उनका कहना है कि वैवाहिक सत्र के 58 दिनों में कुल 27 दिन विवाह के शुभ मुहूर्त रहेंगे। डा. मनोज का यह भी कहना है कि इस बार देवशयनी एकादशी के 28 दिन पूर्व ही लगन खत्म हो जाएंगे। ज्येष्ठ माह में 8 जून तक ही विवाह के लगन हैं। देवशयनी एकादशी पर भगवान विष्णु के चातुर्मास की योग निद्रा में चले जाने के कारण मांगलिक कार्य बंद हो चुके होंगे। इस बार देवोत्थान एकादशी एक नवम्बर को पड़ रही है।

# बाबा साहब की जयंती की शुभकामनाएं व मुबारकबाद पेश करता हूँ : नासिर हुसैन बदरूद्दीन

### बाबा साहब ने जात-पात और छूआ-छूत की भावना को जड़ से मिटाया।

### वर्तमान में युवा पीढ़ी को अंबेडकर साहब के विचारों को बढ़ाने की है आवश्यकता

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** डॉ0 भीमराव अंबेडकर की जयंती पर जेपी जिला अध्यक्ष भाई नासिर हुसैन ने बताया कि आज हमें इस बात की आवश्यकता है कि हम जात-पात, उंच-नीच और सांप्रदायिकता के भेदभाव को समाप्त कर एक भारत-श्रेष्ठ भारत के लिए मिलकर काम करें, उन महापुरुषों को यही हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इससे समाज के लोगों में प्रेम और भाईचारे की भावना मजबूत होगी।डा. भीम राव अम्बेडकर ने आजादी के आंदोलन में बढ़चढ़ कर भाग लिया और देश के करोड़ों दीन-दुखियों तथा पिछड़ों के कल्याण के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। बाबा साहब का व्यक्तित्व सत्य और अहिंसा से ओत-प्रोत था। एक गरीब परिवार में जन्म होने पर भी उन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि दृढ़संकल्प, मेहनत और साहस से मनुष्य कठिन से कठिन लक्ष्य को भी प्राप्त कर सकता है। उनका जीवन संघर्षों से भरा हुआ था। लेकिन अपने उच्च मनोबल से अंबेडकर जी सामाजिक, राजनैतिक एवं आर्थिक आजादी के प्रबल समर्थक थे। इसलिए वे सिर्फ कमजोर, पिछड़े और वंचित वर्गों के ही नहीं बल्कि मेहनत कश लोगों के मसीहा थे, जो उनके लिए जीवन भर संघर्ष करते रहे। उन्होने कहा कि डॉ0 भीमराव अम्बेडकर हमारे देश के ऐसे महान सपूत थे।उन्होंने जात-पात और छूआ-छूत की भावना को जड़ से मिटाने का काम किया। उन्होंने पिछड़े लोगों के कल्याण और उत्थान के लिए हमारे सामने जो आदर्श रखे, वे सदैव हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे। बाबा साहेब महान शिक्षाविद, प्रभावशाली वक्ता, योग्य प्रशासक और कुशल राजनेता थे। उनके व्यक्तित्व में मानवता के प्रति प्रेम तथा अन्याय, असमानता और शोषण के विरूद्ध संघर्ष करने की अदभुत क्षमता थी।

उन्होने कहा कि बाबा साहेब की सोच थी कि हम अपने बच्चों विशेषकर अपनी लडकियों को



अच्छी शिक्षा दिलायें, ताकि राष्ट्र का विकास हो और विश्व की तरक्की हो। बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर ने समाज के लिए दीपक का काम किया है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के मूल मन्त्र शिक्षित बनों, संगठित रहो और सघर्ष करों का जो नारा है वह हमें शिक्षा ग्रहण करने, आपस में मिलजुल कर रहने के साथ-साथ अपने अधिकारों के लिए सघंर्षरत रहने की प्रेरणा देता है। उन्होने कहा कि आज के दिन डा. भीमराव अम्बेडकर को यही सच्ची श्रंद्धाजंली अर्पित होगी कि हम उनके बताए मार्ग पर चलें और संगठित रहकर कार्य करें। डा. भीमराव अम्बेडकर ने 2 वर्ष 11 माह 18 दिन की अल्प अवधि में एक विस्तृत संविधान भारत को दिया है। युवा पीढी को चाहिए कि वे डा. भीमराव अम्बेडकर के बताए हुए सिंद्धातों पर अमल करें ताकि वे जीवन में सफलता हासिल कर सकें।

## जरूरी सूचना

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।


## ध्यानार्थः

हिन्दी दैनिक समाचार गेट एंव city24news.in द्वारा कवरेज की गई आपकी खबरों को आप यहां नीचे दिए गए लिंक पर क्लिक करके भी देख सकते हैं।

अगर आप हिन्दी दैनिक समाचार गेट की प्रिंट कॉपी लेना चाहते हैं तो आप फरीदाबाद ओल्ड रेड लाइट पर न्यूज पेपर स्टॉल से एंव गोपाल न्यूज पेपर एजेंसी अंबेडकर चौक बल्लभगढ से प्राप्त कर सकते हैं।

न्यूज पोर्टल पर देखने के लिए इस लिंक पर क्लिक करें
https://city24news.in/

फेसबुक पर देखने के लिए इस लिंक पर क्लिक करें
https://www.facebook.com/city24news.in

ई-पेपर देखने के लिए इस लिंक पर देखें
https://city24news.in/e-paper

आप अपनी खबर अथवा सूचना भेजने के लिए
samachargate@gmail.com
या 9818180269 पर भी भेज सकते हैं।

'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समाचार गेट
को TITLE CODE : HARHIN11569
आवश्यकता है
◆ हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
◆ उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
◆ ग्रामीण संवाददाता ◆ फोटोग्राफर
◆ विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
samachargate@gmail.com
Cont.: 9212339503

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका के जॉर्जिया में हिंदू फोबिया को मान्यता देने के लिए बिल पेश, ऐसा करने वाला पहला राज्य



**त्बिलिसी, एजेंसी।** अमेरिकी राज्य जॉर्जिया की असेंबली में हिंदू फोबिया और हिंदू विरोधी कट्टरता को मान्यता देने के लिए बिल पेश किया गया है। अगर यह बिल पास होकर कानून बन जाता है तो जॉर्जिया राज्य में हिंदू समुदाय के खिलाफ नफरत फैलाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए जॉर्जिया हिंदू फोबिया को परिभाषित भी करेगा। हिंदू फोबिया के लिए बिल पेश करने वाला जॉर्जिया पहला अमेरिकी राज्य है। इस बिल को रिपब्लिकन सीनेटर शॉन स्टिल, क्लिंट डिक्सन और डेमोक्रेटिक सीनेटर जेसन एस्टेव्स और इमैनुएल डी. जोन्स ने मिलकर पेश किया है। इससे पहले जॉर्जिया ने 2023 हिंदू फोबिया के खिलाफ प्रस्ताव पास किया था। इसमें हिंदू विरोधी कट्टरता की निंदा की गई थी। साथ ही हिंदू धर्म को दुनिया के सबसे प्राचीन धर्मों में से एक के रूप में मान्यता दी गई थी

### ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति बोल्सोनारो पेट दर्द के चलते अस्पताल में भर्ती, हालत स्थिर

**ब्राज़िलिया, एजेंसी।** ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जेर बोल्सोनारो को पेट में तेज दर्द की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों ने बताया कि उनकी हालत फिलहाल स्थिर है, लेकिन उन्हें उत्तर-पूर्वी ब्राजील से राजधानी ब्रासीलिया मेडिकल विमान से स्थानांतरित किया जाएगा। बोल्सोनारो को शुक्रवार सुबह उस वक्त पेट में तेज दर्द हुआ जब वे उत्तर-पूर्वी ब्राजील के दौरे पर थे। डॉक्टरों ने बताया कि यह दर्द आंतों में रुकावट (बॉवेल ऑब्स्ट्रक्शन) की वजह से हुआ है, जो साल 2018 में चुनाव प्रचार के दौरान पेट में चाकू लगने की घटना से जुड़ी दीर्घकालिक समस्याओं का नतीजा है। पूर्व राष्ट्रपति पर 2018 में एक चुनावी रैली के दौरान हमला हुआ था, जिसमें उनके पेट में गंभीर चोट आई थी। उस हमले के बाद से वे कई बार अस्पताल में भर्ती हो चुके हैं और 2019 से 2022 के बीच अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने कई सर्जरी करवाई थीं।

### अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध- बांग्लादेश

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश के विदेश सचिव एमडी जाशिम उद्दिन ने हाल ही में बैंकॉक में बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस के बीच हुई मुलाकात को एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। बैठक में पीएम मोदी ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदुओं की सुरक्षा को लेकर भारत की चिंताओं को रेखांकित किया था। उन्होंने उम्मीद जताई थी कि बांग्लादेश सरकार अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी और उनके खिलाफ अत्याचारों की गहन जांच की जाएगी। विदेश सचिव उद्दिन ने आश्वासन दिया कि बांग्लादेश अपनी धरती पर अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, हम अपने नागरिकों को लेकर किसी भी तरह की हिंसा या धमकी को बर्दाश्त नहीं करते। हमें अपनी जिम्मेदारियों का पूरा अहसास है। उन्होंने उम्मीद जताई कि दोनों नेताओं की इस मुलाकात से दोनों देशों के रिश्तों में आई खटास को दूर करने में मदद मिलेगी। उद्दिन ने कहा, हम उच्च राजनीतिक स्तर पर मुलाकात को दोनों पक्षों के लिए महत्वपूर्ण मानते हैं। बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के दौरान हुई यह बैठक दोनों नेताओं के लिए पहली व्यक्तिगत मुलाकात थी। मैं इसे एक महत्वपूर्ण कदम मानता हूं, जो हमारे रिश्तों पर छाए बादलों को हटाने और आगे बढ़ने में मदद करेगा। उन्होंने भारत के साथ खुले संवाद और सहयोग पर जोर देते हुए हाल के उच्च-स्तरीय आदान-प्रदान को भी रेखांकित किया।

### मिस्र और इंडोनेशिया के राष्ट्रपतियों के बीच हुई गाजा युद्ध पर चर्चा, संबंधों को मजबूत करने पर दिया जोर

**काहिरा, एजेंसी।** मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल-फतह अल-सीसी ने काहिरा में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के साथ बातचीत की। मिस्र के राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान में कहा कि उन्होंने गाजा पट्टी में विकास और दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी बढ़ाने पर चर्चा की। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, सीसी ने प्रबोवो को गाजा में युद्धविराम के लिए मिस्र की मध्यस्थता और वहां के लोगों को मानवीय सहायता देने के प्रयासों के बारे में बताया। मिस्र के राष्ट्रपति कार्यालय के अनुसार, दोनों नेताओं ने गाजा में लोगों को विस्थापित किए बिना पुनर्निर्माण शुरू करने और अंतरराष्ट्रीय नियमों के आधार पर स्थायी समाधान निकाले जाने की जरूरत पर जोर दिया। उन्हें उम्मीद है कि ऐसा समाधान 1967 की सीमाओं पर एक स्वतंत्र फिलिस्तीनी राज्य की स्थापना की गारंटी देगा, जिसकी राजधानी पूर्वी यरुशलम होगी। उन्हें उम्मीद थी कि इस तरह के समाधान से 1967 की सीमाओं के साथ एक स्वतंत्र फ़िलिस्तीनी राष्ट्र बनेगा, और पूर्वी येरुशलम उसकी राजधानी होगी सीसी और प्रबोवो ने द्विपक्षीय संबंधों के बारे में भी बात की। बयान में कहा गया, दोनों राष्ट्रपतियों ने एक घोषणा पर हस्ताक्षर किए, जिससे आपसी संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाया गया है।

# कीव में भारतीय दवा कंपनी के गोदाम पर मिसाइल से हमला, यूक्रेन ने रूस पर लगाया आरोप

**कीव, एजेंसी।** यूक्रेन की राजधानी कीव में भारतीय फार्मास्युटिकल कंपनी कुसुम के वेयरहाउस पर रूसी मिसाइल ने हमला किया है। कीव की ओर से एक्स पर एक पोस्ट में यह दावा किया गया। नई दिल्ली स्थित यूक्रेनी दूतावास ने आरोप लगाया कि रूस ने जानबूझकर यूक्रेन में भारतीय कारोबार को निशाना बनाया। दूतावास की ओर से कहा गया, आज रूसी मिसाइल ने यूक्रेन में भारतीय फार्मा कंपनी कुसुम के वेयरहाउस पर हमला किया। भारत के साथ खास दोस्ती का दावा करने वाला मॉस्को जानबूझकर भारतीय बिजनेस को टारगेट कर रहा है। बच्चों और बुजुर्गों के लिए जरूरी दवाइयों को नष्ट किया जा रहा है। ब्रिटेन के यूक्रेन में राजदूत मार्टिन हैरिस ने भी कहा कि रूसी हमलों ने कीव में एक बड़े फार्मा वेयरहाउस को तबाह कर दिया है। हालांकि, उन्होंने कहा कि हमला रूसी ड्रोन से हुआ, न कि मिसाइल से। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, आज सुबह रूसी ड्रोन्स ने कीव में एक बड़े फार्मास्युटिकल वेयरहाउस को पूरी तरह नष्ट कर दिया, जिसमें बुजुर्गों और बच्चों के लिए जरूरी दवाइयों का भंडार था। यह पूरी तरह जलकर खाक हो गया है। यूक्रेनी नागरिकों के खिलाफ रूस का आतंकी अभियान जारी है।



**रूस और यूक्रेन के बीच फरवरी 2022 से युद्ध :** रूस और यूक्रेन के बीच फरवरी 2022 से युद्ध चल रहा है। रूसी सेना ने यूक्रेन के कई हिस्सों पर हमले शुरू किए, जिसे वह स्पेशल मिलिट्री ऑपरेशन कहता है, जबकि यूक्रेन इसे अपने क्षेत्र की संप्रभुता पर हमला मानता है। इस युद्ध में हजारों लोग मारे गए हैं, लाखों विस्थापित हुए हैं और यूक्रेन के शहरों में भारी तबाही हुई है। रूस का कहना है कि वह नाटो के विस्तार और यूक्रेन की सैन्य गतिविधियों से अपने हितों की रक्षा कर रहा है। यूक्रेन को पश्चिमी देशों से हथियार और आर्थिक मदद मिल रही है। इस युद्ध ने ग्लोबल सप्लाई चेन, खासकर ऊर्जा और खाद्यान्न, को बाधित किया है। शांति वार्ता अभी तक नाकाम रही है और तनाव बढ़ता जा रहा है।

**इजराइल ने गाजा के राफा को घेरा :** इजराइली सेना ने राफा का बाकी गाजा से संपर्क काट दिया है। रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि इजराइली डिफेंस फोर्स ने मोराग कॉरिडोर पर कब्जा कर लिया है, जिससे राफा का गाजा पट्टी से संपर्क टूट गया है। मोराग कॉरिडोर दक्षिणी गाजा में एक रास्ता है जो उसे गाजा पट्टी से अलग करता है। काट्ज ने गाजा के लोगों को धमकी देते हुए कहा कि यह हमास को भगाने और सभी बंधकों को रिहा कर जंग को खत्म करने का आखिरी मौका है। अगर ऐसा नहीं हुआ तो ये सब गाजा के दूसरे इलाके में भी होना शुरू हो जाएगा।

**राफा पर अब इजराइल कंट्रोल करेगा :** काट्ज ने कहा कि राफा को अब 'इजराइली सिक्योरिटी जोन' में बदल दिया गया है। इजराइली सिक्योरिटी जोन का मतलब मतलब उन जगहों से है, जिन्हें इजराइल अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए जरूरी मानता है और उन्हें कंट्रोल करता है। राफा क्रॉसिंग, फिलाडेल्फी कॉरिडोर, वेस्ट बैंक के कुछ इलाके और गोलान हाइट्स इजराइली सुरक्षा क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। इन इलाकों पर सेना के जरिए कंट्रोल किया जाता है। इजराइल काट्ज ने कहा कि नेत्जारिम कॉरिडोर जो गाजा को दो भागों में बांटती है, उसका भी विस्तार किया जाएगा। इस साल की शुरुआत में जब सीजफायर को लेकर डील हुई थी तब इजराइल ने नेत्जारिम कॉरिडोर छोड़ दिया था। लेकिन कुछ ही समय बाद इजराइल ने जंग फिर से शुरू कर दी और फिर से इस कॉरिडोर को अपने कब्जे में ले लिया।

**काट्ज बोले- गाजा छोड़ने वाले लोगों का स्वागत :** काट्ज ने कहा कि जो भी लोग गाजा से छोड़ना चाहते हैं उन्हें आसानी से रास्ता दिया जाएगा। उन्होंने फिर से अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की गाजा से फिलिस्तीनियों को हटाने की प्लान का जिक्र किया। ट्रम्प ने फरवरी में गाजा को कंट्रोल में लेने की बात कही थी। उन्होंने कहा था कि अमेरिका गाजा पट्टी पर कब्जा करेगा और यहां रिसॉर्ट सिटी बनाई जाएगी। यह वेस्ट एशिया के लिए रोजगार और टूरिज्म का सेंटर बनेगा। इस बीच इजराइली सेना ने खान यूनिस में रहने वाले लोगों को इलाका छोड़ने का आदेश दे दिया है। द्धष्ठस्न के अरब भाषा के प्रवक्ता ने कहा कि इजराइल इस इलाके में घातक हमले शुरू करने जा रहा है। लोगों को सलाह दी जाती है कि हमला शुरू होने से पहले वे अपने घर छोड़ दें और गाजा के पश्चिम अल-मवासी इलाके में चले जाए। राफा दक्षिणी गाजा में है और मिस्र की सीमा पर है। इजराइल ने 6 मई 2024 को राफा में सैन्य अभियान शुरू किया था। इस दौरान इजराइली सेना ने राफा क्रॉसिंग पर कब्जा कर लिया था। तब इजराइल ने कहा था कि वह हथियारों की तस्करी रोकने के लिए ऐसा कर रहा है। इजराइल के एक्शन की वजह से तब 14 लाख से ज्यादा फिलिस्तीनियों को अपनी जगह छोड़नी पड़ी थी।

## कार्यशाला में घुसकर हाथ-पैर बांधे फिर अंधाधुंध की गोलीबारी; ईरान में आठ पाकिस्तानी कर्मचारियों की हत्या

**इस्लामाबाद/तेहरान , एजेंसी।** ईरान के सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में बलूच लड़ाकों ने पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के आठ कामगारों की बेरहमी से हत्या कर दी। समाचार एजेंसी पीटीआई ने डॉन अखबार की रिपोर्ट के हवाले से बताया कि बर्बर वारदात शनिवार को मेहरिस्तान जिले के एक गांव में हुई। ईरानी अधिकारियों ने पाकिस्तानी नागरिकों की हत्या की वारदात की पुष्टि भी कर दी है। मृतक बहावलपुर के रहने वाले थे और एक कार मरम्मत की दुकान पर काम करते थे। ईरानी अधिकारियों ने बताया कि मारे गए सभी आठ पाकिस्तानी दक्षिणी पंजाब के बहावलपुर शहर के थे। वे एक कार्यशाला में रह रहे थे, जहां वे कारों की डेंटिंग, पॉलिश, पेंटिंग और मरम्मत का काम करते थे। रिपोर्ट के मुताबिक, अज्ञात हथियारबंद लोग रात में कार्यशाला में घुस आए और उनके हाथ-पैर बांध दिए। इसके बाद उन्होंने अंधाधुंध गोलीबारी की और उन्हें मार डाला। हमलावर आठ पाकिस्तानी कामगारों की हत्या करने के बाद वहां से भाग निकले। दुखद घटना की सूचना मिलने के बाद ईरानी पुलिस मौके पर पहुंची। बीएनए ने ली जिम्मेदारी प्रतिबंधित बलूचिस्तान नेशनल आर्मी (बीएनए) के प्रवक्ता ने आठ पाकिस्तानियों की हत्या की जिम्मेदारी ली। ईरानी अधिकारियों ने कहा कि ईरानी पुलिस घटना की जांच कर रही है। सिस्तान बलूचिस्तान में यह दूसरी ऐसी घटना थी। पिछले साल जनवरी में हथियारबंद लोगों ने सरवन शहर में नौ पाकिस्तानियों की हत्या कर दी थी, जो ईरान में मोटर मैकेनिक के तौर पर काम कर रहे थे और एक वर्कशॉप में रह रहे थे। पाकिस्तान और ईरान के बीच तनाव की वजह क्या? पाकिस्तान और ईरान के स्थानीय समूह बलूचिस्तान में आजादी के लिए दशकों से चल रहे संघर्ष का हिस्सा हैं। पिछले साल जनवरी में ईरान ने पाकिस्तान पर हमला किया था। पाकिस्तान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए ईरानी क्षेत्र में मिसाइल हमला किया, जिससे सीमा पर तनाव बढ़ गया था। ईरान ने दावा किया कि वह ईरान के खिलाफ सक्रिय आतंकवादी समूह जैश अल-अदल को निशाना बना रहा था, जबकि पाकिस्तान ने कहा कि वह ईरान के अंदर दो आतंकवादी समूहों बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और बलूचिस्तान लिबरेशन फ्रंट (बीएलएफ) के ठिकानों को निशाना बना रहा था। पाकिस्तान का बलूचिस्तान लंबे समय से उग्रवाद और अशांति से जूझ रहा है।

## बिलावल भुट्टो जरदारी चार साल के लिए दोबारा पीपीपी अध्यक्ष चुने गए



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के नेता बिलावल भुट्टो जरदारी एक बार फिर पार्टी अध्यक्ष बन गए हैं। बिलावल अगले 4 साल तक इस पद पर रहेंगे। इस्लामाबाद में पार्टी हेडक्वार्टर में हुए चुनाव के बाद यह फैसला किया गया। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक पार्टी अध्यक्ष के अलावा दूसरे पदों के लिए भी चुनाव हुए। हुमायूं खान को पार्टी का महासचिव और नदीम अफजल चन को सूचना सचिव नियुक्त किया गया है। इसके अलावा आमना पिराचा को वित्त सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। पार्टी की आंतरिक चुनावी व्यवस्था के अनुसार सभी अधिकारी चार साल के कार्यकाल के लिए चुने गए हैं।

# हार्वर्ड के प्रोफेसर्स ने ट्रम्प पर केस किया, फंड रोकने की धमकी दी थी; आरोप- यहूदी विरोधी नफरत रोकने में नाकाम

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिका की हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर्स ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन के खिलाफ मैसाचुसेट्स की फेडरल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट केस दायर किया है। प्रोफेसर्स के दो ग्रुप ने यूनिवर्सिटी फंड को रोकनी की धमकी के खिलाफ यह केस दर्ज किया है। ट्रम्प प्रशासन हार्वर्ड यूनिवर्सिटी को मिलने वाले 9 अरब डॉलर के फंड की समीक्षा कर रहा है। हार्वर्ड के प्रोफेसर्स ने हवाला दिया है कि ट्रम्प का यह फैसला अमेरिकी संविधान के फर्स्ट अमेंडमेंट (प्रथम संशोधन) का उल्लंघन करता है। प्रोफेसर्स ने आरोप लगाया है कि यूनिवर्सिटी फंड में कटौती करना अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हनन है। कोर्ट में दायर याचिका में ट्रम्प प्रशासन के फैसले पर रोक लगाने की मांग भी की गई है। यूनिवर्सिटी पर आरोप- यहूदियों के खिलाफ नफरत को रोकने में नाकाम हाल ही में ट्रम्प प्रशासन ने हार्वर्ड को एक चिट्ठी भेजी थी। इस चिट्ठी में यूनिवर्सिटी को कुछ शर्तें पूरी करने के लिए कहा गया था। ऐसा न करने पर यूनिवर्सिटी की संघीय फंडिंग पर रोक लगाने की धमकी दी गई। इस कदम के पीछे ट्रम्प प्रशासन का दावा था कि हार्वर्ड जैसे प्रतिष्ठित संस्थान एंटी-सेमिटिज्म (यहूदियों के खिलाफ नफरत) को रोकने में नाकाम रहे हैं। प्रशासन ने आरोप लगाया कि कैंपस में यहूदी छात्रों और प्रोफेसरों के खिलाफ भेदभाव हो रहा है। यूनिवर्सिटी को मिलने वाली फंडिंग सर्च, स्टूडेंट स्कॉलरशिप, और कई साइंस और मेडिकल प्रोजेक्ट्स के लिए बेहद जरूरी है। यूनिवर्सिटी में फिलिस्तीनी झंडा फहराया था गाजा में जारी इजराइल-हमास जंग के खिलाफ पिछले साल अमेरिका की कई यूनिवर्सिटीज में फिलिस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन हुए थे। इन प्रदर्शनों में हजारों छात्रों ने हिस्सा लिया था। एपी की रिपोर्ट के मुताबिक 1000 से ज्यादा छात्र गिरफ्तार भी हुए। इस दौरान हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में छात्रों ने फिलिस्तीनी झंडा फहराया था। यूनिवर्सिटी ने इसे पॉलिसी के खिलाफ बताते हुए छात्रों के खिलाफ एक्शन लेने की बात कही थी। ट्रम्प प्रशासन ने कोलंबिया यूनिवर्सिटी को 33 अरब रुपए की मदद रोकी ट्रम्प प्रशासन ने कोलंबिया यूनिवर्सिटी के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए 400 मिलियन अमेरिकी डॉलर (करीब 33 अरब रुपए) के अनुदान को रद्द कर दिया था।



प्रशासन ने कोलंबिया यूनिवर्सिटी पर भी यहूदी छात्रों के हो रहे उत्पीड़न को रोकने में विफल रहने का आरोप लगाया था। अमेरिकी शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य एवं मानव सेवा विभाग, न्याय विभाग और सामान्य सेवा प्रशासन की जॉइंट टास्क फोर्स टु कॉम्बैट एंटी-सेमिटिज्म ने यह कार्रवाई की। कोलंबिया यूनिवर्सिटी ज्यूडिशियल बोर्ड ने गाजा को लेकर हुए विरोध-प्रदर्शन के दौरान हैमिल्टन हॉल पर कब्जे में शामिल छात्रों पर सख्त कार्रवाई भी की है।

# अब अमेरिका में 30 दिन से अधिक रुकने पर पंजीकरण अनिवार्य, नियम टूटने पर जुर्माना-जेल-प्रत्यर्पण जैसे दंड

वॉशिंगटन, एजेंसी। अमेरिकी ने विदेशी नागरिकों के लिए 30 दिन से ज्यादा समय तक रुकने पर पंजीकरण अनिवार्य कर दिया है। नए नियमों के मुताबिक ऐसे नागरिकों को हर वक्त पंजीकरण का प्रमाण रखना होगा वरना जुर्माना, कैद तथा प्रत्यर्पण जैसा दंड भुगतना होगा। ये नियम विदेशी नागरिकों, वीजाधारकों और कानूनी रूप से उन सभी स्थायी निवासियों पर भी लागू होंगे जिनके पास वैध दस्तावेज नहीं हैं और वे 30 दिन से अधिक समय से अमेरिका में रह रहे हैं।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने एक बयान में कहा कि नए नियम राष्ट्रीय सुरक्षा और कानून प्रवर्तन को लेकर हैं। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा, अमेरिका में 30 दिन से अधिक समय से मौजूद सभी विदेशी नागरिकों को संघीय सरकार में पंजीकरण कराना होगा। ऐसा नहीं करने पर उन्हें जुर्माने के अलावा उन्हें गिरफ्तार भी किया जा सकता है। उन्हें इस प्रकार प्रत्यर्पित किया जा सकता है ताकि दोबारा हमारे देश में न आ पाएं। इससे पहले एक फेडरल जज ने भी ट्रंप प्रशासन को पंजीकरण अनिवार्य करने की मंजूरी दी थी।




सुरक्षा विभाग ने शुरू की पंजीकरण प्रक्रिया ट्रंप प्रशासन के फैसले के तुरंत बाद सुरक्षा विभाग ने विज्ञप्ति जारी कर लोगों पंजीकरण शुरू कराने की अपील की है। विज्ञप्ति में इस बात पर जोर दिया गया है कि 30 दिन से अधिक समय से रहने वाले लोगों के लिए पंजीकरण की समय सीमा 11 अप्रैल है। आगे यह प्रक्रिया पूरे जोर-शोर से लागू की जाएगी। विभाग ने 25 फरवरी को भी घोषणा की थी कि अवैध रूप से रहने वाले विदेशी नागरिक यदि खुद रिपोर्ट नहीं करते हैं तो उन्हें जुर्माना या अभियोजन का सामना करना पड़ सकता है। पंजीकरण के लिए फिंगरप्रिंट और पता दें पंजीकरण कराने वाले नागरिकों को फिंगरप्रिंट देना होगा और अपना प्रमाण के साथ पता देना होगा। 14 वर्ष से कम उम्र के नागरिकों के माता-पिता या अभिभावकों को सुनिश्चित करना होगा कि वे पंजीकृत हैं।

कई समूहों ने दर्ज कराया विरोध ट्रंप प्रशासन के इस कदम का कई समूहों ने विरोध दर्ज कराया है। उनका आरोप है कि अर्थव्यवस्था में योगदान करने वाले कामकाजी लोगों के लिए मुसीबत खड़ी हो जाएगी। अमेरिका में उनके गहरे पारिवारिक ताल्लुक हैं।

## अचानक बंद हुआ अरबी भाषा का समाचार चैनल, ट्रंप प्रशासन और मस्क पर लगाया फंडिंग रोकने का आरोप

**काहिरा, एजेंसी।** पश्चिम एशिया और उत्तरी अफ्रीका में करीब तीन करोड़ दर्शकों तक पहुंच रखने वाला एक अरबी भाषा का समाचार चैनल और ऑनलाइन आउटलेट शनिवार को अचानक बंद हो गया और इसके कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया गया। चैनल ने अमेरिका के डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन और अरबपति कारोबारी एलन मस्क पर वित्त पोषण (फंडिंग) में गैर-जिम्मेदाराना और गैरकानूनी तरीके से कटौती करने का आरोप लगाया।

अल-हुर्रा न्यूज के कर्मचारियों को उनकी बर्खास्तगी के बारे में नोटिस भेजे गए। जिसमें चैनल के प्रमुख जेफरी गेडमिन ने कहा कि उन्होंने अब यह उम्मीद छोड़ दी है कि कांग्रेस (अमेरिकी संसद) द्वारा स्वीकृत धनराशि पर ट्रंप प्रशासन की रोक जल्द हटेगी।

गेडमिन ने अल-हुर्रा, वॉयस ऑफ अमेरिका और विदेश में अन्य अमेरिकी वित्त पोषित समाचार कार्यक्रमों की देखरेख करने वाली अमेरिकी सरकारी एजेंसी में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा नियुक्त कैरी लेक पर आरोप लगाया कि उन्होंने फंडिंग में कटौती के बारे में बात करने के उनके प्रयासों को लगातार नजरअंदाज किया। बर्खास्तगी पत्र में गेडमिन ने लिखा, मुझे अब यही लगता है कि वह (कैरी लेक) जानबूझकर हमें उस फंड से वंचित कर रही हैं, जिससे हम आप जैसे मेहनती और समर्पित कर्मचारियों को वेतन दे सकें। यह पत्र एसोसिएटेड प्रेस को प्राप्त हुआ और अल-हुर्रा की मूल कंपनी मिडिल ईस्ट ब्रॉडकास्टिंग नेटवर्क की वेबसाइट पर भी साझा किया गया।



दुबई स्थित अल-हुर्रा न्यूज वेबसाइट में कार्यरत मिस्र के पत्रकार मोहम्मद अल-सबाघ ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि चैनल और वेबसाइट के सभी कर्मचारियों को ईमेल के जरिए अनुबंध समाप्त होने की सूचना दी गई है। अल-हुर्रा उन कई अमेरिकी सरकार द्वारा वित्तपोषित न्यूज़ संस्थानों में शामिल है, जिन्हें हाल ही में फंडिंग में कटौती का सामना करना पड़ा है। इसमें वॉयस ऑफ अमेरिका, रेडियो फ्री यूरोप/लिबर्टी, रेडियो फ्री एशिया जैसे नाम शामिल हैं। इन संस्थानों का कहना है कि ट्रंप प्रशासन और एलन मस्क के सरकारी दक्षता विभाग ने बजट रोक दिया है।

# हमास ने जारी किया इजरायली-अमेरिकी बंधक का वीडियो, सुरक्षा को लेकर जताई चिंता

**गाजा, एजेंसी।** हमास की सैन्य शाखा अल-कस्साम ब्रिगेड ने इजरायली-अमेरिकी बंधक एडन अलेक्जेंडर का एक वीडियो जारी किया है, जिसे 7 अक्टूबर, 2023 से गाजा पट्टी में बंधक बनाकर रखा गया है। शनिवार को जारी वीडियो में एडन शारीरिक और मानसिक रूप से परेशान दिखाई दे रहा है। उसने कहा, मैं यहां क्यों हूं, अपने परिवार और दोस्तों के साथ घर पर क्यों नहीं हूं? समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, एडन का जन्म इजरायल के तेल अवीव में हुआ था और वह अमेरिका के न्यू जर्सी में पला-बढ़ा है। साल 2022 में हाई स्कूल पास करने के बाद वह सेना में भर्ती होने के लिए इजरायल लौट आया था। 7 अक्टूबर, 2023 को फिलिस्तीनी उग्रवादियों ने दक्षिणी इजरायल पर हमले के दौरान उसे अगवा कर लिया था। हमास की ओर से जारी किए गए वीडियो में एडन ने अपनी परेशानियों को बताया और गाजा में चल रही इजरायली सैन्य कार्रवाइयों के बीच अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता जताई। उन्होंने इजरायली सरकार पर उनकी रिहाई सुनिश्चित न करने का आरोप भी लगाया। वीडियो जारी होने के बाद इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने एक बयान में कहा कि उन्होंने एडन अलेक्जेंडर के परिवार से बात की और आश्वासन दिया कि सभी बंधकों की रिहाई के लिए गहन प्रयास जारी हैं। बता दें कि



इजरायल और हमास के बीच छह सप्ताह का पहला युद्धविराम 1 मार्च को खत्म हो गया और दूसरे चरण की बातचीत रुकी हुई है। उल्लेखनीय है कि 7 अक्टूबर, 2023 के हमले के दौरान बंधक बनाए गए 251 लोगों में से 59 अभी भी गाजा में कैद हैं। इजरायल का मानना है कि इनमें से 24 जिंदा हैं। 14 मार्च को हमास ने कहा कि उसने मध्यस्थों को एडन और चार अन्य बंधकों के शवों को रिहा करने की सहमति दी थी। इजरायली सेना ने 18 मार्च से गाजा में हवाई हमले फिर से शुरू किए हैं। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि इन हमलों में अब तक 1,563 फिलिस्तीनी मारे गए हैं और 4,004 घायल हुए हैं।

**यूएई से मुंबई, कन्नूर के लिए 15 मई से दैनिक उड़ानें शुरू : दुबई, एजेंसी।** यूएई के फुजैराह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे ने भारत की इंडिगो एअरलाइन के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की है। जिसके तहत 15 मई से मुंबई और कन्नूर के लिए दो सीधी दैनिक उड़ानें शुरू की जाएंगी। यह नई साझेदारी फुजैराह अमीरात और भारत के बीच संबंधों को मजबूत करने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो यात्रियों को अधिक यात्रा विकल्प और नए गंतव्यों तक आसान पहुंच प्रदान करती है। इससे संपर्क सुधरेंगे।

# पंजाब किंग्स का मुकाबला आज केकेआर से होगा

**मुल्लांपुर (एजेंसी)।** पंजाब किंग्स की टीम मंगलवार को आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मैच में जीत के इरादे से उतरेगी। पंजाब किंग्स का प्रदर्शन अब तक अच्छा रहा है और वह इस मैच में जीत की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। उसे इस मैच में अपने घरेलू मैदान का भी लाभ मिलेगा। पिछले मैच में टीम ने कप्तान श्रेयस अय्यर के 82 रनों की सहायता से 245 रन बनाये थे। इसके बाद भी टीम अपने इस स्कोर का बचाव नहीं कर पायी थी। ऐसे में साफ है कि उसके गेंदबाजों को अब बेहतर प्रदर्शन करना होगा। मोहली के इस मैदान को बल्लेबाजी विकेट माना जाता है। यहां अधिकतर पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम 200 से अधिक रन बनाने में सफल रही है। ऐसे में पंजाब के टीम को यहां बेहतर रणनीति से उतरना होगा।

पंजाब किंग्स के गेंदबाजों का मनोबल भी पिछले मैच के बाद कमजोर हुआ है। उसके दो स्पिनरों युजवेंद्र चहल और ग्लेन मैक्सवेल की गेंदों पर पिछले मैच में जमकर रन बने थे। ऐसे में इन्हें बेहतर गेंदबाजी करनी होगी। इन दोनों ने पिछले मैच में सात ओवर में ही 96 रन दिये थे। इसे देखते हुए पंजाब की टीम पिच को लेकर संशय में होगी।

पंजाब अगर इस मैच के लिए सपाट विकेट तैयार कराती है तो भी पक्का नहीं है कि उसके गेंदबाज 220 रन तक के स्कोर का बचाव कर लेंगे क्योंकि कोलकाता की टीम में सुनील नरेन, रिंकू सिंह और वेंकटेश अय्यर जैसे आक्रामक बल्लेबाज हैं। पंजाब की गेंदबाजी इकाई का इकॉनमी रेट भी अब तक अच्छा नहीं रहा है। उसके स्पिनर यजुवेन्द्र चहल ने 5 मैचों में प्रति ओवर 11.13 रन दिए हैं और केवल दो विकेट लिए हैं। पंजाब अगर धीमा विकेट तैयार करवाता है तो उसका यह प्रयोग भी नुकसानदेह हो सकता है क्योंकि नाइट राइडर्स के पास वरुण चक्रवर्ती और सुनील नारायण जैसे अच्छे स्पिनर है जो अनुकूल हालातों का पूरा लभ उठाते हैं।

वहीं दूसरी ओर नाइट राइडर्स एक ऐसी टीम है जो सपाट और धीमे विकेट दोनों पर प्रभावी है। उसने चेन्नई सुपर किंग्स को उसके घरेलू मैदान पर ही हराया था। जिससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। । पंजाब किंग्स की बल्लेबाजी कप्तान अय्यर के अलावा प्रियांश आर्य ओर नेहल वढेरा व प्रभसिमरन सिंह और फिनिशर शशांक सिंह पर निर्भर है। उसे दो खिलाड़ियों ऑलाउंडर ग्लेन मैक्सवेल और मार्कस स्टोइनिस कमजोर फार्म से नुकसान हुआ है। अब वह इनसे बेहतर प्रदर्शन चाहेगी।



केकेआर की बात करें तो उसकी बल्लेबाज नरेन के अलावा क्विंटन डी कॉक, कप्तान आजिंक्य रहाणे, रिंकू सिंह और वेंकटेश अय्यर व मनीष पांडे जैसे बल्लेबाजों पर अधारित रहेगी जबकि गेंदबाज की कमान हर्षित राणा, सुनील नारायण, वरुण चक्रवर्ती के पास रहेगी।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**पंजाब किंग्स =** श्रेयस अय्यर (कप्तान), युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, मार्कस स्टोइनिस, नेहल वढेरा, ग्लेन मैक्सवेल, विशाक विजयकुमार, यश ठाकुर, हरप्रीत बराड़, विष्णु विनोद, मार्को जानसन, लॉकी फर्ग्यूसन, जोश इंगलिस, जेवियर बार्टलेट, कुलदीप सेन, पायला अविनाश, सूर्यांश शेडगे, मुशीर खान, हरनूर पन्नू, आरोन हार्डी, प्रियांश आर्य, अजमतुल्लाह उमरजई।

**कोलकाता नाइट राइडर्स =** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रिंकू सिंह, क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), रहमानुल्लाह गुरबाज़ (विकेटकीपर), अंगकृष रघुवंशी, रोवमैन पॉवेल, मनीष पांडे, लवनिथ सिसौदिया, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, मोइन अली, रमनदीप सिंह, आंद्रे रसेल, एनरिक नॉकिया, वैभव अरोड़ा, मयंक मारकंडे, स्पेंसर जॉनसन, हर्षित राणा, सुनील नारायण, वरुण चक्रवर्ती और चेतन सकारिया।

# तीरंदाजी विश्व कप: धीरज ने व्यक्तिगत कांस्य और पुरुष टीम ने रजत पदक जीता



**ऑबर्नडेल (अमेरिका) (एजेंसी)।** भारत ने यहां तीरंदाजी विश्व कप चरण एक में अपना अभियान चार पदकों के साथ समाप्त किया, जिसमें पुरुष रिकर्व टीम स्पर्धा में एक रजत और व्यक्तिगत रिकर्व वर्ग में धीरज बोम्मदेवरा का कांस्य पदक शामिल है।

सेना के 23 वर्षीय तीरंदाज धीरज ने कांस्य पदक के लिए खेले गए मैच में जीत हासिल करने के लिए असाधारण धैर्य और संयम दिखाया। उन्होंने 2-4 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए स्पेन के एंड्रेस टेमिनो मेडिएल को पांच सेट के तनावपूर्ण मुकाबले में 6-4 से हराया।

धीरज इससे पहले सेमीफाइनल में दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी और पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता जर्मनी के फ्लोरियन उनरुह से 1-7 से हार गए थे। इससे पहले दिन में धीरज अनुभवी तरूणदीप राय और अतनु दास के साथ उस भारतीय तिकड़ी का भी हिस्सा थे, जिसने टीम स्पर्धा के फाइनल में चीन से 1-5 से हारने के बाद रजत पदक जीता था।

भारत ने इस तरह से इस प्रतियोगिता में चार पदक जीते। इससे पहले भारतीय कंपाउंड मिश्रित टीम ने स्वर्ण और कंपाउंड पुरुष टीम ने कांस्य पदक जीता था। भारत के अभियान में अभिषेक वर्मा पदक से चूक गए और कंपाउंड पुरुष व्यक्तिगत वर्ग में चौथे स्थान पर रहे।

# दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल पर लगा 12 लाख रुपए का जुर्माना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल पर रविवार को यहां खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में मुंबई इंडियंस के हाथों अपनी टीम की 12 रन की हार के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। मुंबई इंडियंस ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 205 रन बनाए थे। दिल्ली कैपिटल्स की टीम इसके जवाब में 19 ओवर में 193 रन बनाकर आउट हो गई।



भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने कहा, 'दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल पर दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के कारण जुर्माना लगाया गया है।' विज्ञप्ति के अनुसार, 'यह आईपीएल की आचार संहिता के धीमी ओवर गति से संबंधित अनुच्छेद 2.22 के तहत उनकी टीम का सत्र का पहला अपराध था, इसलिए पटेल पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।'

19वें ओवर में हुए 3 रन आऊट ने दिल्ली कैपिटल्स के हाथ से रोमांचक मुकाबला छीन लिया। मुंबई ने पहले खेलते हुए जब रिकेल्टन, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा और नमन धीर की शानदार पारियों की बदौलत 205 रन बनाए थे तो दिल्ली कैपिटल्स की ओर से करुण नायर ने महज 40 गेंदों पर 89 रन बनाकर दिल्ली के लिए मुकाबला आसान बना दिया था। दिल्ली को आखिरी ओवरों में आशुतोष शर्मा और विपराज ने कुछ सहयोग किया लेकिन 19वें ओवर के अंदर दिल्ली की सारी उम्मीदें खत्म हो गईं। इस दौरान आशुतोष, कुलदीप और मोहित लगातार तीन गेंदों पर रन आऊट हो गए। मुंबई ने इसी के साथ 12 रन से अपने नाम मुकाबला कर लिया। यह सीजन में उनकी महज दूसरी जीत है जबकि दिल्ली कैपिटल्स की पहली हार।

# इस खिलाड़ी के आउट होने के बाद उनकी लय टूटी, कर्ण शर्मा ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जीत की वजह बताई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ तीन अहम विकेट लेकर लगभग हारा हुआ मैच जिताने में सूत्रधार की भूमिका निभाने वाले मुंबई इंडियंस के लेग स्पिनर कर्ण शर्मा ने स्वीकार किया कि 13वें ओवर के बाद गेंद बदलने का टीम को फायदा मिला। एक समय 11वें ओवर में एक विकेट पर 119 रन बना चुकी दिल्ली की टीम ने आखिरी नौ विकेट 74 रन के भीतर गंवा दिए। कर्ण ने अभिषेक पोरेल, केएल राहुल और ट्रिस्टन स्टब्स के विकेट लिए।



उन्होंने कहा, 'मैने सोचा नहीं था कि ओस होगी। पहली पारी में ओस नहीं थी। इसलिए जब गेंद बदली तो सीम नहीं थी। इससे मुझे फायदा मिला।' मुंबई इंडियंस के साथ 2017 में खिताब जीत चुके कर्ण को आईपीएल में टीम के लिये 'लकी' माना जाता है। वह 2016 में सनराइजर्स हैदराबाद के साथ, 2017 में मुंबई इंडियंस और 2018 में चेन्नई सुपर किंग्स के साथ खिताब जीत चुके हैं।

उन्होंने कहा, 'यह अच्छी बात है कि छह सात साल बाद मुंबई टीम में लौटा और वहीं से शुरू किया जहां 2017 में छोड़ा था। मैच में उस समय दिल्ली की टीम 10.11 रन प्रति ओवर बना रही थी और मेरा काम बीच के ओवरों में विकेट लेना था। मिचेल सेंटनेर और मैने वही किया।' उन्होंने कहा, 'ऐसे मैचों में हर विकेट महत्वपूर्ण है। जिस तरह से वे खेल रहे थे। निश्चित तौर पर केएल राहुल उनके लिए बड़ा नाम है जिसने पिछले मैच में जीत दिलाई थी। हमारे लिए हर विकेट महत्वपूर्ण था।'

उन्होंने स्वीकार किया कि करूण नायर के विकेट ने मुंबई को मैच में लौटाया। उन्होंने कहा, 'करूण के आउट होने के बाद उनकी लय टूटी। उसके बाद लगातार दो तीन विकेट गिर गए और मैच पलट गया।' दिल्ली में काफी क्लब क्रिकेट खेल चुके कर्ण को पता था कि कोटला की पिच की जानकारी से उन्हें फायदा होगा। उन्होंने कहा, 'मैं मेरठ से हूं और मैने दिल्ली में काफी क्रिकेट खेली है। मुझे पता है कि यहां कैसे गेंदबाजी करनी है और पिच कैसी होगी।'

## एआईएफएफ ने एशियाई कप 2031 के लिए बोली लगायी

नई दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने एएफसी एशियाई कप 2031 की मेजबानी के लिए बोली लगायी है। भारत सहित टूर्नामेंट के सात देशों ने इस टूर्नामेंट के लिए बोली लगायी है। इसमें एक संयुक्त बोली भी है। कुआलालंपुर में एएफसी कार्यकारी समिति की बैठक में एएफसी अध्यक्ष शेख सलमान बिन इब्राहिम ने कहा है कि 27 नवंबर 2024 को सदस्य संघों को भेजे गए निमंत्रण के बाद एक संयुक्त बोली सहित 7 बोलियां मिली हैं। इब्राहिम ने कहा है कि भारत के अलावा, ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया, दक्षिण कोरिया, कुवैत, संयुक्त अरब अमीरात और कीर्गिस्तान ने भी बोली पेश की है। वहीं ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान ने संयुक्त बोली लगायी है।

# गेंद बदलने के नियम का लाभ मुम्बई को मिला

नई दिल्ली। आईपीएल के इस सत्र में गेंद बदलने के नये नियम का लाभ मुम्बई इंडियंस को मिला है। नये नियम के तहत अब शाम के मैच में जो टीम दूसरी पारी में गेंदबाजी कर रही होती है, वह 11वें ओवर के बाद कभी भी गीली गेंद बदल सकती है जिससे ओस के कारण होने वाले गीलेपन से बचा जा सके। इस नियम से गेंदबाजों को लाभ हो रहा है। विशेष रुप से उस टीम को जो स्कोर का बचाव करती है। मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में इस नियम का प्रभाव भी दिखा है। इस मैच में जैसे ही जसप्रीत बुमराह ने अक्षर पटेल का विकेट लिया। टीम ने गेंद बदलने का फैसला किया। गेंद बदलने के बाद स्पिनर कर्ण शर्मा और मिशेल सैंटनर की गेंदों को पिच से उछाल और टर्न मिलने लगा। इससे बल्लेबाज़ों के लिए बड़े शॉट खेलना कठिन हो गया। कर्ण ने पहले स्टब्स को और फिर केएल राहुल को अपना शिकार बनाया इन विकेटों के बाद दिल्ली कैपिटल्स की परेशनली बढ़ गयी और उसके बल्लेबाज के के बाद एक पेवेलियन लौटने लगे। मुम्बई ने सैंटनर को 18वां ओवर दिया। शुरुआत में दिल्ली के विपराज निगम ने दो चौके लगाये पर इसके बाद अगल गेंद सैंटनर ने धीमी फेंकी जिसपर निगम स्टंप हो गए। इसके बाद, बुमराह पर दो चौके जरूर लगे पर इसके बाद बल्लेबाजों के रन आउट होने से मामला बदला गया। प्लेयर ऑफ द मैच करन शर्मा ने कहा, गेंद बदलना मैच का सबसे अहम मोड़ रहा। पुरानी गेंद गीली हो रही थी जिससे हम उसपर अपना नियंत्रण नहीं रख पा रहे थे पर हमें विकेट लेने थे। जिसमें हमें लाभ हुआ। जब दूसरी गेंद आई, तो उस पर टर्न और उछाल मिला। जिससे राहुल जैसा बड़ा अनुभवी खिलाड़ी भी समझने में असफल रहा।

# धोनी अब संन्यास लेकर कमेंट्री करें : हेडन



सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) में रहे मैथ्यू हेडन ने कहा है कि विकेटकीपर-बल्लेबाज महेन्द्र सिंह धोनी को अब संन्यास लेकर कमेंट्री करनी चाहिये। हेडन ने कहा कि धोनी अब अपने करियर के अंतिम चरण में हैं। इसलिए उन्हें वास्तविकता को स्वीकार करना चाहिये। आईपीएल के इस सत्र में धोनी का प्रदर्शन अब तक उम्मीद के अनुसार नहीं रहा है और वह एक भी मैच में बड़ी पारी नहीं खेल पाये हैं। धोनी बल्लेबाज के लिए निचले क्रम पर भी उतरते हैं। इसके पीछे का कारण कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने ये बताया है कि धोनी का शरीर अब पहले जैसा नहीं है, वहीं हेडन का माना है कि धोनी को संन्यास के बाद कमेंट्री करनी चाहिये। इस पूर्व क्रिकेटर का माना है कि धोनी ने अब लय खो दी है। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच के दौरान धोनी के माता-पिता की मौजूदगी ने उनके संन्यास की अटकलें ते हुई थी पर ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। इसका कारण है कि धोनी को टीम ही नहीं छोड़ रही है। रुतुराज गायकवाड़ के चोटिल होने से उन्हें उन्हें एक बार फिर कप्तानी संभालनी पड़ रही है। वहीं फ्लेमिंग ने कहा है कि धोनी अपने संन्यास पर फैसला स्वयं करेंगे। मुझे इस बारे में नहीं पता। मैं उनके साथ काम करके खुश हूं। वह अभी भी मजबूत हैं और खेल का आनंद ले रहे हैं।

# ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम का ऐलान, पांच नए खिलाड़ियों को मिली जगह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हॉकी इंडिया ने 26 अप्रैल से चार मई तक होने वाले ऑस्ट्रेलिया के दौरे के लिए सोमवार को 26 सदस्यीय महिला टीम की घोषणा की, जिसमें पांच नए खिलाड़ियों को पहली बार सीनियर टीम में शामिल किया गया है। भारत इस दौरे में कुल पांच मैच खेलेगा। वह पहले दो मैचों में ऑस्ट्रेलिया ए से भिड़ेगा और उसके बाद तीन मैच ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम से खेलेगा। सभी पांच मैच पर्थ हॉकी स्टेडियम में खेले जाएंगे।

यह दौरा जून में होने वाले एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के टीम के यूरोपीय चरण की तैयारी को देखते हुए काफी महत्वपूर्ण है। पांच खिलाड़ियों ज्योति सिंह, सुजाता कुजूर, अजमीना कुजूर, पूजा यादव और महिमा टेटे को पहली बार सीनियर टीम में शामिल किया गया है। टीम अनुभवी और नए खिलाड़ियों का मिश्रण है। टीम का नेतृत्व मिडफील्डर सलीमा टेटे करेंगी, जबकि अनुभवी फॉरवर्ड नवनीत कौर को उप कप्तान नियुक्त किया गया है।



अनुभवी सविता और युवा बिचू देवी खारीबाम गोलकीपर की जिम्मेदारी संभालेंगी जबकि रक्षा पंक्ति में ज्योति सिंह, इशिका चौधरी, सुशीला चानू पुखरामबम, सुजाता कुजूर, सुमन देवी थौदम, ज्योति, अजमीना कुजूर और साक्षी राणा शामिल हैं। मध्य पंक्ति की जिम्मेदारी कप्तान टेटे, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नेहा, शर्मिला देवी, मनीषा चौहान, सुनेलिता टोप्पो, महिमा टेटे, पूजा यादव और लालरेम्सियामी पर होगी।

नवनीत कौर, दीपिका, रुताजा दादासो पिसल, मुमताज खान, बलजीत कौर, दीपिका सोरेंग और ब्यूटी डुंगडुंग अग्रिम पंक्ति की जिम्मेदारी संभालेंगी। बंसारी सोलंकी (गोलकीपर), अंजना डुंडुंग और लालथंटलुआंगी (डिफेंडर), साक्षी शुक्ला और खैदेम शिलेमा चानू (मिडफील्डर) तथा मोनिका टोप्पो और सोनम (फॉरवर्ड) को स्टैंडबाय खिलाड़ी के रूप में चुना गया है।

टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने कहा, 'हमने संतुलित टीम का चयन किया है जो अनुभव और युवा का अच्छा मिश्रण है। युवा खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं और सीनियर शिविर में अपना कौशल दिखाया है। यह देखना दिलचस्प होगा कि वह अंतरराष्ट्रीय स्तर की चुनौती का किस तरह से सामना करते हैं।'


# अफ़ग़ान महिला क्रिकेटरों की सहायता के लिए विशेष टास्क फोर्स बनाएगी आईसीसी

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) अब अफ़ग़ानिस्तान की विस्थापित महिला क्रिकेट क्रिकेटरों की सहायता के लिए आगे आई है। आईसीसी ने इन महिला क्रिकेटरों की सहायता और उनके विकास के लिए एक विशेष टास्क फोर्स बनाने की बात कही है। आईसीसी की इस पहल से इन महिला खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। इससे उनके खेल और व्यक्तिगत विकास में सहायता मिलेगी। आईसीसी के चेयरमैन जय शाह ने सोशल मीडिया ये ये जानकारी दी है। शा ने कहा, 'मुझे आईसीसी की ओर से यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि हमने बीसीसीआई, इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के साथ मिलकर एक अहम फैसला लिया है। इसके तहत ही हम अफ़ग़ान महिला क्रिकेटरों को उनके क्रिकेट और विकास की यात्रा में सहायता देंगे।' आईसीसी के अनुसार यह टास्क फोर्स इस महिला क्रिकेटरों को न केवल आर्थिक सहायता देगी, बल्कि खिलाड़ियों को कोचिंग, प्रशिक्षण सुविधाओं के साथ ही मार्गदर्शन भी उपलब्ध करायेगी। इसके लिए आईसीसी एक विशेष कोष बनाएगा। ये सीधे तौर पर इन खिलाड़ियों को आर्थिक सहयोग प्रदान करेगा, जिससे ये विस्थापित महिला क्रिकेट अपना खेल जारी रख सकें। आईसीसी ने यह भी स्पष्ट किया कि इस टास्क फोर्स के ज़रिए इन खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं, कोचिंग प्रोग्राम और मानसिक रूप से मज़बूत बनने के लिए जरुरी सलाह भी दी जाएगी। अफ़ग़ानिस्तान में तालिबान शासन के बाद महिला खिलाड़ियों पर रोक लगा दी गयी थी जिसके बाद इन खिलाड़ियों को देख छोड़कर भागना पड़ा था।

# रोहित का लगातार रन नहीं बना पाना चिन्ताजनक : मांजरेकर

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर ने कहा है कि आगामी भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा लगातार रन नहीं बना पाना चिन्ताजनक हैं। भारतीय टीम आईपीएल के बाद इंग्लैंड दौरे पर भी जाना है उसको देखते हुए रोहित का फार्म हासिल करना जरुरी है। मांजरेकर ने कहा कि टेस्ट ओर टी20 प्रारुप अलग होता है पर इसके बाद भी रन बनने से खिलाड़ी की लय बनी रहती है और उसका मनोबला बढ़ा हुआ रहता है।

मांजरकेर ने कहा कि रोहित आईपीएल में भी अब तक रन नहीं बना पाये हैं। इससे साफ है कि अब हालात उनके नियंत्रण से बाहर होते जा रहे हैं। ऐसे में अब उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए पूरी ताकत लगाकर प्रयास करना होगा। हर सुबह अपना सब कुछ लगाना होगा तभी वह लय हासिल कर सकते हैं। वह आईपीएल के मैचों में सहज नहीं दिखे। मांजरेकर ने कहा, 'रोहित शर्मा एक ऐसे दौर से गुजर रहे हैं जिससे साफ है कि वह पहले वाले रोहित नहीं रहे। अब वह अपने करियर के उस जगह पर हैं जहां उन्हें हर सुबह अपना सब कुछ लगाना होगा। कड़ी ट्रेनिंग करनी होगी और फिटनेस के सर्वश्रेष्ठ स्तर पर पहुंचना होगा तभी वह कुछ कर पायें। वह अब भी अपनी नैसर्गिक प्रतिभा पर भरोसा कर रहे हैं जबकि अब वह नहीं रही।



वहीं पिछले दो मैच में रोहित की टीम मुम्बई के प्रदर्शन का आंकलन करते हुए मांजरेकर ने कहा, ' इस टीम से खेल रहे दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी रेयान रिकेल्टन को भारतीय पिचों पर ढलने में समय लगेगा। साथ ही कहा कि एबी डिविलियर्स और हेनरिक क्लासेन को छोड़कर बहुत कम दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों ने भारतीय पिचों पर सफलता हासिल की है इसलिए हमें उन्हें समय देना होगा। उन्होंने कहा, 'इसके अलावा तिलक वर्मा और सूर्यकुमार यादव, रोबिन मिंज और कुछ अन्य खिलाड़ियों के साथ मिलकर बल्लेबाजी क्रम बनाते हैं। हालांकि मुझे लगता है कि यह अब भी पूरी तरह से विश्वसनीय नहीं है और उनमें से बहुत से खिलाड़ी ऐसी पिचों पर निर्भर करते हैं जहां गेंद बल्ले पर अच्छी तरह से आती है। ऐसे में इन खिलाड़ियों को परेशानी आ सकती है।

# नाइटहुड से सम्मानित होने वाले 13 वें क्रिकेटर हैं एंडरसन

लंदन। इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर जेम्स एंडरसन को खेल के क्षेत्र में उनके सराहनीय योगदान के लिए देश के सबसे बड़े सम्मान नाइटहुड से सम्मानित किया गया है। एंडरसन इंग्लैंड की ओर से टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। एंडरसन ने अपने करियर में कुल 188 टेस्ट मैच खेले हैं। ये किसी तेज गेंदबाज द्वारा खेले गए टेस्ट मैचों की सबसे ज्यादा संख्या है। एंडरसन 13वें क्रिकेटर हैं जो खेल में योगदान देने के लिए नाइटहुड उपाधि से सम्मानित हुए हैं। अब तक ये सम्मान सर विली हेमिंग्स (1954), सर डिक हार्टले- (1958), सर एडगर फाय (1959), सर वॉरेन बर्ड (1961), सर क्लाइव लॉयड (1983), सर इयान बॉथम (2007), सर ज्योफ बॉब- (1999), सर जॉन रिकेट्स (2007), सर ग्रांट लॉब (2012), सर जॉन टोर्रे (2015), सर ब्रायन लारा (2019), सर माइकल क्लार्क (2020)। एंडरसन साल 2000 से यह सम्मान पाने वाले पांचवें खिलाड़ी हैं। उनसे पहले इयान बॉथम (2007), बॉयकाट (2019), कुक (2019) और स्ट्रॉस (2019) को यह सम्मान मिला था। जेम्स एंडरसन ने अपना अंतिम टेस्ट मैच जुलाई 2024 में वेस्ट इंडीज के खिलाफ लॉर्ड्स में खेला था। मई 2003 में यहीं पर एंडरसन ने जिम्बॉब्वे के खिलाफ डेब्यू किया था। एंडरसन ने साल 2015 से ही सीमित ओवरों में नहीं खेला है। इसके बाद भी वह एकदिवसीय में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने टी20 में भी 18 विकेट लिए हैं और उनके नाम कुल 991 विकेट हैं। एंडरसन के अलावा पांच अन्य लोगों के लिए भी नाइटहुड सम्मान मिला है।

# बस मौके का इंतजार था : मुंबई के खिलाफ आक्रामक अर्धशतक लगाकर बोले करूण नायर


**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली कैपिटल्स के लिए आक्रामक अर्धशतक लगाकर दो सत्र बाद आईपीएल में वापसी करने वाले करूण नायर मानसिक रूप से अपना पहला मैच खेलने के लिये पूरी तरह से तैयार थे और उन्हें पता था कि कैसे खेलना है। जीत के लिये 206 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए करूण के 40 गेंद में 89 रन की मदद से दिल्ली ने शानदार शुरूआत की लेकिन बीच के ओवरों में लगातार विकेट गंवाकर 12 रन से मैच गंवा दिया।

एक ओवर में जसप्रीत बुमराह को दो छक्के लगाने का माद्दा बहुत बल्लेबाजों ने नहीं होता लेकिन करूण ने यह कर दिखाया। उनके इस प्रदर्शन का कारण घरेलू क्रिकेट का शानदार प्रदर्शन भी है जिसमें उन्होंने विदर्भ के लिए विभिन्न प्रारूपों में पिछले सत्र में 1870 रन बनाए।

टेस्ट मैच में तिहरा शतक जड़ चुके करूण ने मैच के बाद मीडिया से कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो मुझे आईपीएल पहले खेल चुका होने के कारण आत्मविश्वास था। मुझे पता था कि कैसे खेलना है। मेरे लिए कुछ नया नहीं था। मेरे दिमाग में तैयारी पूरी थी। बस मौके का इंतजार था। कुछ गेंद खेलकर फिर लय में आने की बात थी।'

वर्ष 2022 में राजस्थान रॉयल्स का हिस्सा रहे करूण ने पावरप्ले के दौरान पारंपरिक शॉट्स खेलने के बारे में कहा, 'मैं खुद से यही कह रहा था कि खुद को समय दो, आम शॉट खेलो और उसके बाद तेजी से खेल सकते हो। सब कुछ वैसे ही हुआ लेकिन अगर टीम जीत जाती तो अधिक खुशी होती।'

पिछले चार मैचों में मौका नहीं मिलने के बावजूद उन्हें यकीन था कि उन्हें मौका मिलेगा और इसके लिए वह मानसिक रूप से तैयार थे। उन्होंने कहा, 'फाफ (डु प्लेसी) नहीं खेल रहे थे। हमें पता था कि अगर कोई खिलाड़ी बाहर होता है तो उसकी जगह कौन खेलेगा। मानसिक तौर पर मैं तैयार था। मेरा आत्मविश्वास बढा है और मुझे पता है कि मैं खेलने के लिए पूरी तरह से तैयार हूं।'





# प्राथमिकता के आधार पर तैयार करें अपनी कार्य-सूची

**आज आप जितना कर सकती हैं, उससे अधिक करने की कोशिश न करें। अपनी गतिविधियों की छंटनी शुरू कर दीजिए और फिर अपनी कार्य-सूची पर पुनर्विचार कीजिए। जो चीजें बेकार एवं महत्वहीन हैं, उन्हें बाहर कर दीजिए। आप जो भी कर सकती हैं या करना चाहती हैं, उन तमाम चीजों को एक ही दिन में करने का प्रयास न करें। सबसे जरूरी चीज पर नजर रखें एवं प्राथमिकता के आधार पर उन्हें करें। व्यक्तिगत रिश्ते बनाएं, ताकि काम एवं जीवन में सहजता आए।**

## एक समय में एक ही काम

अपना समय केवल उन्हीं चीजों पर खर्च करें, जो आपके लिए महत्वपूर्ण हो। दो या उससे अधिक काम एक साथ करने से तौबा करें, तब भी जब चीजें आसान लगती हों या लगता हो कि आप कर लेंगी। जब आप एक से अधिक काम एक ही बार में करती हैं तो आपका ध्यान बंट जाता है। आप एकाग्रता खो देती हैं, जो कि बेहतर प्रदर्शन के लिए जरूरी है।

## कुछ उदाहरण

यदि आप एक साथ खाती एवं पढ़ती हैं तो आपका कुछ ध्यान पढ़ने पर और कुछ खाने पर होता है। आप कोई भी चीज ढंग से नहीं कर पाती हैं। जब आप टहलती हैं तो टहलें, जब आप बैठती हैं तो बैठें। भटकें नहीं। जब ड्राइव करें तो पूरा ध्यान रोप पर रखें। काफी ऊंची आवाज में संगीत सुनना या चालक एवं यात्री के बीच की बातचीत कई सड़क हादसों का कारण होती है। यदि आप यात्री हैं तो चालक को गाड़ी चलानें दें न कि उससे बातचीत करें।

## पांच गुण होना महत्वपूर्ण

किसी भी स्त्री या पुरुष में पांच गुण होना चाहिए। वे हैं–शिष्टाचार, उदारता, लगन, संकल्प एवं दया भाव। शिष्टाचार से आप बेइज्जती को अनदेखा कर सकती हैं, उदारता से सबको जीत सकती हैं। लगन से लोग आप पर विश्वास करेंगे और संकल्प एवं दया भाव से सफलता प्राप्त कर सकती हैं। अच्छी संगत, अच्छी किताबें एवं प्रार्थना– ये तीन चीजें किसी मनुष्य को तीनों लोकों का सम्राट बनाती हैं।

## सफलता नैसर्गिक नहीं होती

सफलता प्राप्त करने की प्रक्रिया नैसर्गिक नहीं है। सफलता हमें विरासत में नहीं मिलती। इसे हम अपने प्रयासों से पैदा करते हैं। यह हमारे कठिन परिश्रम एवं क्रियाओं की पुनरावृत्ति का काल होता है। संघर्ष जीवन है और जीवन की क्रियाएं ही इसे कर सकती हैं। हमें केवल सपने देखने वाला नहीं बल्कि आगे बढ़कर उसे करने वाला बनना चाहिए।

## सेमिनारों में कुछ नहीं

हम समय–समय पर प्रेरित करने वाले लोगों से मिलते रहते हैं या सेमिनारों में ऐसे भाषण सुनते रहते हैं। इस प्रकार के पारस्परिक क्रिया से हमें अपने तरीकों को सुधारने एवं काम करने की शैली की और बेहतर करने के उपाय मिलते हैं। हम उनको अपनाते हैं और महसूस करते हैं कि अपने आप को और बेहतर करें एवं जीवन में बदलाव लाने का रहस्य पा लिया है। यह पूरी गहमागहमी दो–चार दिनों में खत्म हो जाती है और हम फिर वहीं होते हैं जहां हम थे।

## ऊर्जा, समय व पैसे बचायें

याद रखिये सेमिनार एवं कार्यशाला में भाग लेना समय, ऊर्जा और पैसे की बर्बादी है, यदि हम उन चीजों को नहीं अपनाते, जो वे हम तक पहुंचाना चाहते हैं। यदि आपको कोई बेहतरीन आइडिया मिलता है तो आप अपने आप से पूछिए कि आप इससे क्या करने जा रहे हैं और आप इसे कैसे करेंगे। सभी बातों को लिखिए और फिर निर्णय लीजिए कि आप क्या करने जा रहे हैं। किन उपायों को लागू करना है, उन्हें प्राथमिकता दी जानी चाहिए और सब कुछ करने के लिए समय सीमा तय करनी चाहिए।





# बार-बार बिगड़ जाता है घर का बजट तो ना करें पैसों से जुड़ी ये गलतियां

**अक्सर महिलाओं की ये समस्या होती है कि घर का खर्च ज्यादा हो रहा है और पैसों से जुड़ी बचत नहीं हो पा रही है। यहां निवेश और बचत की नहीं खर्च की बात हो रही है। घरों में आजकल की व्यस्त लाइफस्टाइल कुछ ऐसी हो गई है कि लोगों को ये समझ ही नहीं आता कि उनका इतना खर्च आखिर कैसे बढ़ गया है। ये सब कुछ पैसे से जुड़ी कुछ गलतियों के कारण होता है।**

## पैसे के बारे में बात नहीं करना

आम तौर पर यही देखा जाता है कि पति और पत्नी एक दूसरे से इसके बारे में बात नहीं करते। पत्नी घर संभाल रही हो या फिर बाहर काम कर रही हो तो भी इसके बारे में बातें नहीं की जातीं। बच्चे अगर पढ़ने की उम्र में हैं या टीनएज हो गए हैं तो उन्हें भी अक्सर घर पर ये नहीं बताया जाता है कि निवेश और बचत की जरूरत क्या है। हफ्ते में कम से कम एक बार सभी को बैठकर घर और पैसे के खर्च से जुड़ी बातें करनी चाहिए। इससे वो खर्च भी सामने आ जाता है जिसका शायद अंदाजा भी नहीं होता। ये घर का बजट बनाने में भी मददगार साबित हो सकता है।

## पहले खर्च फिर जो बचा वो निवेश

हमारी भारतीय संस्कृति में एक आम कहावत है कि, 'जितनी चादर है उतना ही पैर पसारो'। ये बहुत अच्छा कथन है, लेकिन इसे हमें थोड़ा सा बदलना होगा क्योंकि हम हमेशा जितना खर्च है उतना कर लो और उसके बाद जो बचा वो बचत। इससे समस्या ये होती है कि जरूरत से अधिक खर्च भी हो जाता है और बचत कम रह जाती है। इसे थोड़ा सा बदलने की जरूरत है और कमाई के बाद एक निश्चित बचत और उसके बाद जितना बचा उसे खर्च करना चाहिए। ये बजट आसानी से बन सकता है कि महीने में कितनी बचत की जा सकती है।

## बचत और निवेश का अंतर न समझना

मान लीजिए आप हर महीने की आय में से कुछ पैसे बचा लेते हैं, लेकिन क्या इन पैसों को बचाने से सिर्फ काम हो जाता है? जी नहीं, बचत और निवेश में काफी अंतर है जिसे समझने की जरूरत है। पैसे ड्रॉअर में पड़े रहें या फिर वो बैंक के सेविंग्स अकाउंट में रखा है तो उससे हमारे भविष्य के लिए कोई फायदा हो रहा है? बिलकुल नहीं। तन्वी जी का कहना है कि उनके पास बहुत से लोग आते हैं और वो यहीं मात खा जाते हैं। उन्हें निवेश इस बारे में सोचकर करना चाहिए कि भविष्य में ये कितना रिटर्न देगा।

## अपनी बचत और निवेश को ऑटोमैटिक मोड पर नहीं डालना

बैंक की आरडी या एफडी जिसका ऑटोमैटिक पैसा कटता है वो ज्यादा सही है। भले ही बचत और निवेश का कोई भी मोड हो पैसा ऑटोमैटिक हर महीने कटना चाहिए। कारण ये है कि अगर बचत हर वक्त नहीं होगी तो हम उस कमाई को खर्च करने के लिए उत्सुक रहेंगे। अकाउंट में या जेब में ज्यादा पैसा होने का मतलब है कि उसे खर्च करने का लालच भी बढ़ जाएगा। अगर सैलरी आते ही एक अच्छे फाइनेंशियल एक्सपर्ट की मदद से पैसे निवेश कर देंगे तो हमारा भविष्य सुरक्षित होगा।

## अपने पैसे को अलग–अलग जगह न निवेश करना


पैसा है आपके पास तो क्या हर बार वो एक ही तरह से निवेश किया जाएगा? कई लोग सिर्फ FD बनाते रहते हैं, कुछ को पोस्ट ऑफिस की NSC अच्छी लगती है, लेकिन इसका सीधा सा मतलब ये होता है कि पैसे के साथ कोई एक्सपेरिमेंट नहीं किया जाता। कारण ये है कि अगर एक ही तरह से पैसा निवेश होगा तो खतरे की स्थिति में एक ही साथ उसके खर्च होने या फिर डूब जाने की गुंजाइश भी होती है।

## फाइनेंशियल भाषा से डरना और रिस्क न लेना

इंसान का दिमाग जो चीज समझ नहीं पाता वो उससे हमेशा डरता रहता है और ये बहुत आम घटना है कि लोग खुद को फाइनेंशियल भाषा सिखा नहीं पाते। ऐसे में उन्हें जानकारी न के बराबर रहती है। होता ये है कि ऐसी स्थिति में निवेश के समय हम बहुत ज्यादा सोच विचार में लग जाते हैं और कई बार डर के कारण रिस्क नहीं ले पाते। इससे बाद में नुकसान होने की गुंजाइश है।

## कर्ज को न समझना

बहुत से लोगों के पास होम लोन होता है, कार का लोन होता है, क्रेडिट कार्ड से खर्च होता है। अर्थव्यवस्था में कर्ज की दरें लगातार बढ़ती और घटती रहती है। ऐसे में हमारे कर्ज पर भी असर पड़ता है। किसी भी तरह के लोन को हमेशा फाइनेंशियल एक्सपर्ट से हर साल रिव्यू करवाना चाहिए। क्या पता ब्याज की दर इससे कम हो सके। इसी तरह से क्रेडिट कार्ड सबसे महंगा तरीका है ऐसे में कई बार वो बहुत महंगा पड़ जाता है। कोशिश करें कि हर वक्त क्रेडिट कार्ड निकालने से बचें।



# क्या आपके वार्डरोब में है जींस के ये ट्रैंडी कलेक्शन

**जींस एक ऐसी कॉमन ड्रैस है, जो हर लड़की के वार्डरोब में जरूर मौजूद होती है। बाजार में कई स्टाइलिश जींस आ चुकी हैं, जिन्हें आप अपनी पसंद और फिटिंग के मुताबिक खरीद सकती हैं। जींस खरीदने से पहले आपको यह जानना जरूरी हैं कि आजकल किस पैटर्न की जींस का चलन ज्यादा है। आज हम आपको जींस की इन्हीं वैरायटी के बारे में बता रहे हैं जिनके बारे में जानकर आपको अपनी पसंद की जींस खरीदने में आसानी होगी.**

## रिप्ड जींस

रिप्ड जींस एक दशक से फैशन ट्रैंड में बनी हुई है। कॉमन यंग गर्ल्स से लेकर बॉलीवुड एक्ट्रैस सभी में इसका क्रेज है। शायद ही कोई लड़की होगी जिसके वार्डरोब में रिप्ड जींस न हो। एक दशक पहले ट्रैंड में आई ये जींस आज भी लड़कियों की पहली पसंद बनी हुई है। इसमें जींस के कई हिस्से में कुछ स्लिट्स या कट्स बने होते हैं। कॉमन लैंग्वेज में इसे फटी जींस भी कहते हैं। अगर आपके पास कोई पुरानी जींस है, जिसे आप नहीं पहनतीं तो उसे ब्लेड से कट करके रिप्ड जींस का लुक दें सकती हैं। रिप्ड जींस को आप लॉन्ग कुर्ती या फिर किसी भी टॉप के साथ वियर कर सकती हैं। ये आपको कूल और स्टाइलिश लुक देगी।

## बैगी जींस

बैगी जींस अपने लूज साइज की वजह से काफी कंफर्टेबल होती है। दो से तीन दशक पहले इस पैटर्न की जींस का काफी चलन था। एक बार फिर से इसका ट्रैंड लौट आया है। यही वजह है कि सैलेब्स में भी ये जींस काफी पॉपुलर है। ट्रैवलिंग के दौरान या कहीं आने–जाने के लिए एक्ट्रैस इसे कैरी किए नजर आती रही हैं।

## पैच वर्क जींस

इन दिनों पैच वर्क जींस भी काफी पॉपुलर हैं। यंग गर्ल्स से लेकर सैलेब्स इसे पहने नजर आती रहती हैं। ये जींस अलग–अलग रंग के जींस के चौकोर टुकड़ों को एक साथ पैच करके बनाई जाती है, जो देखने में काफी युनीक और कूल लगती हैं।

## बेल बॉटम जींस

पुराने जमाने में आपने हीरो–हीरोइन को फिल्मों में नीचे से खुली पैंट या जींस पहने देखा होगा। इस स्टाइल को बेल बॉटम स्टाइल कहते हैं। आजकल बेल बॉटम जींस का फैशन फिर से लौट आया है। ये जींस काफी कंफर्टेबल होती हैं। यंग गर्ल्स से लेकर वर्किंग वुमन बेल बॉटम जींस पहनना पसंद कर रही हैं।

## स्किन फिट जींस

इसके नाम से ही क्लियर है कि ये जींस कैसी होगा। ये पूरी तरह स्किन टाइट होती है। ज्यादातर लड़कियां स्किन फिट जींस पहनना पसंद करती हैं, लेकिन अगर कंफर्ट की बात करें तो ये उतनी आरामदायक नहीं होती। तब भी इस जींस का क्रेज लड़कियों में बना हुआ है। इसे आप अपनी मनपसंद कुर्ती या फिर टॉप के साथ कैरी कर सकती हैं।



# कलर आईलाइनर लगाने से पहले जरूरी टिप्स मिलेगा स्टाइलिश लुक

**चेहरे की खूबसूरती बढ़ाने के लिए लड़कियां मेकअप करना पसंद करती है। वहीं आंखों को बड़ा, आकर्षित दिखाने के लिए आईलाइनर लगाती है। बात अगर आईलाइनर की करें तो आमतौर पर लड़कियां इसमें ब्लैक कलर पसंद करती है। मगर आजकल लड़कियों में कलरफुल आईलाइनर का क्रेज भी बढ़ रहा है। इससे लुक और भी स्टाइलिश नजर आता है। मगर इसे लगाने से पहले कुछ बातों का ध्यान देने की जरूरत होती है। कलर आईलाइनर लगाने के लिए फॉलो करें ये टिप्स**

## मेकअप ना करें

कलर आईलाइनर अक्सर आंखों को हाइलाइट करने के लिए लगाया जाता है। इसलिए इसे लगाने के बाद अपना रेगुलर मेकअप ना करें। नहीं तो इससे आपका मेकअप अधिक लगेगा।

## सही कलर चुनें

अगर आप पहली बार कलर आईलाइनर लगाने वाली है तो इसके लिए रंग चुनें। इसके लिए आप पिंक, लैवेंडर, बैंगनी, सुनहरा या अपनी ड्रेस से मैचिंग रंग चुन सकती है।


## आंखों पर ध्यान दें

कलर आईलाइनर लगाने के लिए बस अपनी आंखों पर फोकस करें। इसके साथ हैवी व बोल्ड मेकअप करने की गलती ना करें। ऐसा करने से आपकी आंखों पर ध्यान नहीं जाएगा।

## डार्क कलर अप्लाई करें

अगर आप पहली बार आईलाइनर लगाने वाली है तो इसके लिए डार्क कलर यूज करें। असल में, इससे आपका लुक एकदम बदल जाएगा। ऐसे में आप पहली बार के लिए ब्राउन या ब्लू कलर चुन सकती है। मस्कारा ब्लैक कलर का लगाएं आप भले ही आईलाइनर कलर्ड चुन रही है मगर इसके साथ मस्कारा ब्लैक ही लगाएं। इससे आपकी आंखों को ग्रेसफुल लुक मिलेगा। इसके साथ ही फेक आईलैशेज लगाने की गलती ना करें।







# इन मेकअप प्रोडक्ट्स से रहें दूर

**अच्छा दिखने के लिए मेकअप कर के घर से बाहर निकलना अब जरूरत सा बन गया है, लेकिन मेकअप के सभी उत्पाद आपके लिए अच्छे हो ये कतई जरूरी नहीं है। कुछ ऐसे उत्पाद भी है जो आपको कुछ समय तक सुंदर तो दिखा देते है लेकिन आपकी त्वचा और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होते है। आइए, जानते हैं ऐसी ही 5 मेकअप सामग्री के बारे में जिनका इस्तेमाल आपको कम से कम ही करना चाहिए**

## टेलकम पाउडर

टेलकम पाउडर सामान्य तौर पर आपमें से कई लोगों के जीवन का एक अहम हिस्सा होगा। भले ही आप इसे सुरक्षित मानते हों, लेकिन इसमें मौजूद सिलेकेट्स नामक तत्व आपको एलर्जी, फेफड़ों में इंफेक्शन या फिर कैंसर जैसी गंभीर बीमारी का शिकार बना सकता है।

## ब्लीच क्रीम

अधिकांश ब्लीच क्रीम में पाया जाने वाला हाइड्रोक्विनोन त्वचा के निकलने, लालिमा या लाल रेशेस अथवा त्वचा के रूखेपन के लिए जिम्मेदार होता है। इसकी जगह त्वचा प्रभावशाली घरेलू उत्पादों का प्रयोग करना बेहतर होगा।

## लिप ग्लॉस

होंठों पर चमकदार नमी लाने के लिए प्रयोग किया जाने वाला लिपग्लॉस कुछ ऐसे केमिकल्स से युक्त होता है, जो आपके होंठों की त्वचा को अंदर से रूखा कर सकते हैं साथ ही रोमछिद्रों को ब्लॉक कर सकते हैं।

## हेयर कलर

इसमें मौजूद हानिकारक केमिकल्स आपके सिर की त्वचा को नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसके अलावा त्वचा का लाल होना और खुजली जैसी समस्याएं भी हो सकती है जो अन्य गंभीर समस्याओं को जन्म देती हैं।

## नेल पॉलिश

भले ही अपको रंगीन, चमकीले नेल पॉलिश का शौक हो, लेकिन इनमें मौजूद एसीटोन आपके नाखूनों को दाग या धब्बों से युक्त बनाने के साथ ही कमजोर बनाने में सहायक होता है। इसके लिए हमेशा नेल पॉलिश का इस्तेमाल करने से बचें।



# मुंबई पुलिस की खास पहल का चेहरे बने आयुष्मान

अभिनेता आयुष्मान खुराना की गिनती इंडस्ट्री के बड़े सितारों में होती है। गुरुवार को आयुष्मान ने एक खास वजह से फैंस का दिल जीत लिया। दरअसल, उन्होंने मुंबई पुलिस के साथ हाथ मिलाकर साइबर क्राइम के खिलाफ जागरूकता फैलाने का बीड़ा उठाया है।

### मुंबई पुलिस के साथ आयुष्मान की खास पहल

आयुष्मान मुंबई पुलिस की नई साइबर सिक्योरिटी को लेकर की गई पहल का चेहरा बने हैं। इस अभियान का मकसद आम लोगों, खासकर कमजोर तबके को साइबर अपराधियों के चालाक तरीकों के बारे में जागरूक करना है। ये अपराधी मासूम लोगों को ठगने और उनके साथ धोखा करने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपनाते हैं। इस पहल के तहत रिलीज हुए एक वीडियो में आयुष्मान ने ऑनलाइन सावधानी बरतने और ठगी से बचने के आसान टिप्स साझा किए। मौजूदा समय में ज्यादातर शिकार ऐसे लोग बनते हैं, जो इन अपराधियों की चालबाजियों से अनजान होते हैं। मुंबई पुलिस और आयुष्मान का मानना है कि इस वीडियो से लोग डिजिटल दुनिया में खुद को सुरक्षित रखने के लिए जरूरी जानकारी और हौसला पा सकेंगे।

### साइबर सुरक्षा पर आयुष्मान ने कही ये बात

इस अभियान के बारे में बात करते हुए आयुष्मान ने कहा, आज के समय में साइबर सुरक्षा बेहद जरूरी हो गई है। ऑनलाइन ठगी और धोखाधड़ी इतनी बढ़ गई है कि हमें जागरूक और सतर्क रहना ही होगा। मुंबई पुलिस के साथ मिलकर काम करना मेरे लिए गर्व की बात है। पुलिस हमेशा शहर के लोगों की सुरक्षा के लिए आगे रहती है और अब ऑनलाइन सुरक्षा को बढ़ावा दे रही है। यह अभियान और पुलिस की नई हेल्पलाइन लोगों को साइबर अपराधों से बचाने और संभावित ठगी से सावधान रहने का शानदार प्रयास है। यह हमें याद दिलाता है कि किसी भी धोखे में फंसने से पहले दो बार सोचना जरूरी है। फिल्मों की बात करें तो आयुष्मान इन दिनों रश्मिका मंदाना के साथ हॉरर-कॉमेडी फिल्म थामा की शूटिंग में व्यस्त हैं। इसके अलावा वह सारा अली खान के साथ एक स्पाई फिल्म पर भी काम कर रहे हैं, जिसका टाइटल अभी तक सामने नहीं आया है।



# लोग शाहरुख खान के बाद मुझे ही बेस्ट प्रमोटर बताते हैं, उर्वशी ने शाहरुख से की अपनी तुलना

उर्वशी रौतेला खबरों में रहना बखूबी जानती हैं। दिलचस्प बात यह है कि वे अपने काम और अभिनय की बजाय अपने बयानों को लेकर ज्यादा चर्चा बटोरती हैं। हाल ही में एक बार फिर कुछ ऐसा ही देखने को मिला है। उर्वशी ने हाल ही में अपनी तुलना बॉलीवुड के किंग शाहरुख खान से कर दी। साथ ही यह भी कह दिया कि ऐसा लोग कहते हैं। उनकी इस टिप्पणी पर नेटिजन्स की दिलचस्प प्रतिक्रिया आ रही हैं। उर्वशी रौतेला का एक इंटरव्यू रेडिट पर वायरल हो रहा है। हाल ही में झ्र्ह्व1ड्ड्ड के साथ बातचीत में उर्वशी ने खुद को बेस्ट प्रमोटर बताया। दरअसल, उनसे पूछा गया कि लोग उन्हें आत्ममुग्ध कहते हैं। इस पर उनका क्या कहना है? उर्वशी ने जवाब दिया, मैं अपने काम में पूरी तरह से डूबी हुई हूं। अगर लोग ऐसा कह रहे हैं, तो वे यह भी कहते हैं कि शाहरुख खान के बाद उर्वशी रौतेला बेस्ट प्रमोटर हैं।

### डाकू महाराज के कलेक्शन पर फिर की बात


इतना ही नहीं उर्वशी ने एक बार फिर फिल्म डाकू महाराज के बॉक्स ऑफिस पर बात की। उन्होंने कहा, फिल्म डाकू महाराज साल 2025 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक है। इसे आईएमडीबी पर नंबर वन का स्टार मिला। मालूम हो कि सैफ अली खान पर हुए चाकू से हमले की घटना के दौरान उर्वशी से जब इस मामले में पूछा गया था तो वे इस घटना पर बात करने की बजाय डाकू महाराज का कलेक्शन बता रही थीं। इस पर उर्वशी का काफी मजाक बनाया गया था। अब एक बार फिर उर्वशी को ट्रोल किया जा रहा है।

### नेटिजन्स ने उड़ाया मजाक

उर्वशी के रेडिट पर वायरल इस वीडियो पर यूजर्स उन्हें लेकर कह रहे हैं कि वे अंटेशन पाना बखूबी जानती हैं। उन्हें मालूम है कि वे अपने कमेंट्स से खबरों में रह सकती हैं और एक बार फिर ऐसा कर दिखाया है। एक यूजर ने लिखा, उर्वशी ने ट्रोल होने के लिए ऐसा किया है। उन्हें पता है कि इसी तरह बातचीत हो सकती है। एक यूजर ने लिखा, उर्वशी जानबूझकर रणनीति के तहत ऐसी बातें कहती हैं, जिससे खबरों में छाई रहें। लेकिन, अच्छी बात ये है कि वो कोई गलत मैसेज तो नहीं दे रहीं।



# 32 साल बाद शाहरुख के साथ काम करना चाहते हैं सनी देओल



सनी देओल की एक्शन से भरपूर फिल्म जाट सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म के प्रमोशन में जोर-शोर से जुटे सनी देओल ने इंडस्ट्री के एक एक्टर के साथ फिर से काम करने की इच्छा जाहिर की है। उन्होंने उस एक्टर का नाम लिया है, जिसके साथ करीब 16 साल तक उन्होंने बात तक नहीं की थी। मगर, अब वे एक और फिल्म उनके साथ करना चाहते हैं और वो एक्टर कोई और नहीं, शाहरुख खान हैं।

### 16 साल तक रही थी अनबन

शाहरुख खान और सनी देओल ने फिल्म डर में साथ काम किया। साल 1993 में आई इस फिल्म की शूटिंग के दौरान ही दोनों के बीच अनबन हो गई थी और यह अनबन ऐसी रही कि 16 साल तक दोनों ने एक-दूसरे से बात तक नहीं की। हालांकि, अब इनके बीच सबकुछ नॉर्मल हो चुका है। यहां तक कि सनी देओल ने हाल ही में शाहरुख खान के साथ फिर से काम करने की इच्छा जताई है। उन्होंने पिंकविला के साथ एक इंटरव्यू में यह खुलासा किया है।

### एक और फिल्म कर सकते हैं

दरअसल, बातचीत में सनी देओल से पूछा गया कि वे दो हीरो वाली फिल्म में किस अभिनेता के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करना चाहेंगे? इस पर सनी देओल ने बेझिझक होकर कहा, ऐसे फैसला करना किसके साथ करूंगा नहीं...मेरा मतलब है, मुझे यह करना अच्छा लगेगा। मुझे लगता है कि जो कोई भी...शाहरुख के साथ एक ही फिल्म की थी। तो एक और कर सकते हैं। सनी देओल ने बीते समय को याद करते हुए कहा, यह अच्छा होगा क्योंकि वह एक अलग दौर था और अब यह एक अलग दौर है, इसलिए निश्चित रूप से यह अच्छा होगा।

### क्यों हुई थी अनबन?

फिल्म डर के क्लाइमेक्स में शाहरुख खान और सनी देओल के बीच लड़ाई होती है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस दौरान सनी देओल ने कहा था कि शाहरुख उन पर सामने से हमला नहीं कर सकते, क्योंकि फिल्म में वे एक ट्रेंड नेवी ऑफिसर हैं। इस पर शाहरुख खान ने कहा था, मैं शक्ति कपूर, प्रेम चोपड़ा या गुलशन ग्रोवर नहीं हूं जो पीछे से हमला करूंगा। इसी बात पर दोनों के बीच नाराजगी बढ़ गई और करीब 16 साल तक रही। बता दें कि फिल्म डर को हाल ही में री-रिलीज किया गया। हालांकि, इस बार यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर खास नहीं चली।

# फिल्म इंडस्ट्री में कई बेहद प्रतिभाशाली लोगों को नहीं मिलते समान अवसर




टीवी एक्ट्रेस ईशा मालवीय ने कहा कि फिल्म इंडस्ट्री में अपने करियर की शुरुआत के बाद से उन्हें सबसे ज्यादा हैरानी इस बात से हुई है कि कई बेहद प्रतिभाशाली लोगों को बराबर के अवसर नहीं मिलते। साल 2021 में रिलीज हुए टेलीविजन शो उड़ारियां से एक्टिंग की शुरुआत करने वालीं ईशा ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, एक चीज जो मुझे हमेशा हैरान करती है और अब भी करती है, वह यह है कि कितने प्रतिभाशाली लोगों को बराबर के अवसर नहीं मिलते। मैं यह नहीं कह रही कि भाई-भतीजावाद पूरी तरह से गलत है, लेकिन मुझे लगता है कि बाहरी लोगों को कम से कम अपनी काबिलियत साबित करने के लिए एक निष्पक्ष मौका तो मिलना चाहिए।

अभिनेत्री ने जोर देकर कहा कि इंडस्ट्री को असली प्रतिभा पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा, उन्हें स्टार किड्स के साथ प्रतिस्पर्धा करने दें और दर्शकों को फैसला करने दें कि कौन वास्तव में चमकने का हकदार है। इंडस्ट्री को किसी की पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना असली प्रतिभा पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए और बॉलीवुड का भविष्य योग्यता से तय होना चाहिए। उड़ारियां में जैस्मिन का किरदार निभाने के बाद ईशा ने साल 2023 में विवादित रियलिटी शो बिग बॉस के 17वें संस्करण में हिस्सा लिया था। वह पांव की जूती जैसे म्यूजिक वीडियो में भी नजर आईं। इसके अलावा, उन्होंने गौहर खान के साथ शो लवली लोला में भी काम किया। क्या उन्हें अपने से पूरी तरह अलग किरदार निभाना ज्यादा मुश्किल लगता है या ऐसा किरदार जो उनके व्यक्तित्व से मिलता-जुलता हो? इसके जवाब में ईशा ने कहा, यह मुझे एक अलग तरह की खुशी देता है और मेरे आत्मविश्वास को बहुत बढ़ाता है। इससे मुझे गर्व महसूस होता है कि मैं एक बहुमुखी अभिनेत्री हूं, जो किसी भी तरह का किरदार निभा सकती हूं।

ईमानदारी से कहूं तो किसी भी किरदार को निभाते समय मुझे कभी कोई हिचकिचाहट नहीं हुई, यह मेरे दिमाग में कभी नहीं आया। एक्ट्रेस ने अपनी कमजोरी के बारे में बात की और कहा, मेरी कमजोरी निश्चित रूप से ढेर सारी मिठाइयां खाना है। हालांकि, मुझे शायद ऐसा नहीं करना चाहिए, क्योंकि मुझे अपनी फिटनेस का ध्यान रखना पड़ता है, लेकिन कभी-कभार ऐसा करना ठीक है। जब उनसे पूछा गया कि अगर उनकी जिंदगी पर फिल्म बने, तो उसका नाम क्या होगा। इसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा, अगर मेरी जिंदगी पर कोई फिल्म बनी, तो उसका नाम जरूर 'ये लड़की पागल है' होगा।

# सैफ अली खान ने खरीदे ब्लैक रिवर के राइट्स

डायरेक्टर हंसल मेहता और एक्टर सैफ अली खान जल्द ही एक थ्रिलर फिल्म में साथ नजर आएंगे। ये फिल्म नीलांजना एस रॉय के चर्चित नावेल ब्लैक रिवर पर बेस्ड होगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक... इस मर्डर मिस्ट्री की एडेप्टेशन राइट्स खुद सैफ ने हासिल की हैं। वह इस फिल्म में एक्टिंग करेंगे और हंसल मेहता की प्रोडक्शन कंपनी स्टोरी फिल्म्स के के साथ साथ इसे को-प्रोड्यूस भी करेंगे। फिल्म की स्क्रिप्ट पर फिलहाल काम चल रहा है। इस अनटाइटल्ड फिल्म की शूटिंग 2026 के मिड तक शुरू होने की उम्मीद है। तब तक सैफ और हंसल अपने बाकी कमिटमेंट्स पूरे कर लेंगे। ब्लैक रिवर एक छोटे से गांव की कहानी है, जो दिल्ली के आउटर इलाके में है। इस अनटाइटल्ड फिल्म की शूटिंग 2026 के मिड तक शुरू होने की उम्मीद है।





# खुशकिस्मत हूं कि अच्छे डायरेक्टर से घिरा हूं

**श्रद्धा कपूर अभिनीत स्त्री 2 और विक्की कौशल की छावा जैसी दो बैक टू बैक ब्लॉकबस्टर फिल्में देने वाले दिनेश विजन इन दिनों अपनी अगली फिल्म की तैयारी में जुटे हैं। फिल्म का नाम है, भूल चूक माफ। दिनेश विजन के प्रोडक्शन हाउस मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले बन रही यह फिल्म मई में रिलीज होगी। हाल ही में दिनेश विजन ने सिनेमा के कई पहलुओं पर बात की। साथ ही बताया कि हिंदी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर खराब प्रदर्शन क्यों कर रही हैं?**

### क्यों नहीं चल रहीं हिंदी फिल्में?

न्यूज एजेंसी के मुताबिक निर्माता दिनेश विजन का मानना है कि दर्शक उन कहानियों से जुड़ रहे हैं, जो नए भारत के बारे में हैं। फिल्म निर्माता से पूछा गया कि हिंदी फिल्में सिनेमाघरों में खराब प्रदर्शन क्यों कर रही हैं? साथ ही पूछा गया कि ऐसा क्या है जो वह दूसरों से अलग करते हैं।

इस पर निर्माता ने कहा, मैं आपको यह नहीं बता सकता कि मैं क्या कर रहा हूं और दूसरे क्या नहीं कर रहे हैं, क्योंकि मैं भी वही कर रहा हूं। हम यह समझने की कोशिश कर रहे हैं कि अभी हम महत्त्वाकांक्षी नहीं हैं। हम जिस तरह से सोचते हैं, उसमें हम भारतीय हैं और आम आदमी हमारे बारे में कहानियां पसंद करता है। ऐसी कहानियां चाहता है।

### आसपास के लोग मायने रखते हैं


दिनेश विजन ने आगे कहा कि हमारे आसपास कैसे लोग हैं, यह भी महत्वपूर्ण हैस क्योंकि उससे आपके फैसलों पर भी असर दिखाई देता है। निर्माता ने कहा, मैं भाग्यशाली हूं कि मेरे राइटर-डायरेक्टर जमीन से जुड़े हुए और वास्तविक लोग हैं। सभी नए भारत से जुड़े हुए हैं। यह जानना महत्वपूर्ण है कि हम कौन हैं और नए भारत को इस बात पर गर्व है कि वे कौन हैं? निर्माता ने फिल्म भूल चूक माफ के ट्रेलर लॉन्च के अवसर पर यह कहा।

### यहां कहानियों का खजाना है

दिनेश विजन का कहना है, इंडस्ट्री में करने के लिए काफी कुछ है। यहां स्टोरीज का खजाना है। दिनेश विजन ने आगे कहा कि वे खुद को भाग्यशाली मानते हैं कि उन्हें करण शर्मा, लक्ष्मण उतेकर और अमर कौशिक जैसे सही कहानीकार मिले, जिन्हें भारत की कहानियां सुनाने में गर्व महसूस होता है। बात करें उनकी आगामी फिल्म भूल चूक माफ की तो ये 09 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसमें राजकुमार राव और वामिका गब्बी लीड रोल में हैं।

# रोमांचम की हिंदी रीमेक फिल्म है कपकपी, 23 मई को होगी रिलीज

यस तलपदे अपनी आने वाली श्रेयस तलपद अपनी आने वाली काफी समय से चर्चा में हैं। इस फिल्म में उनके साथ तुषार कपूर भी हैं। यह फिल्म हॉरर और कॉमेडी का मिक्स कॉम्बिनेशन होगी। गोलमाल 3 और गोलमाल रिटर्न्स के बाद, यह श्रेयस और तुषार का एक साथ तीसरा प्रोजेक्ट है। अब, कपकपी की रिलीज डेट सामने आ गई है। फिल्म 23 मई को रिलीज होगी। इसका नया पोस्टर भी जारी किया गया है। फिल्म का निर्देशन संगीत सिवन ने किया है, जबकि जयेश पटेल इसके निर्माता हैं। दिवंगत संगीत द्वारा निर्देशित यह फिल्म उनके आखिरी प्रोजेक्ट में से एक है। निर्देशक का निधन मई 2024 में हो गया था। ये फिल्म जीतू माधवन द्वारा निर्देशित 2023 की मलयालम फिल्म रोमांचम की हिंदी रीमेक है। इसका निर्माण जी स्टूडियोज और ब्रावो एंटरटेनमेंट ने किया है।




समाचार गेट
HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# नीमका में सात दिवसीय निःशुल्क योग चिकित्सा शिविर का शुभारम्भ



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** गाँव नीमका में रामकरण जयकरण प्लॉट (निकट-हनुमान मंदिर) में दिनांक 14 अप्रैल से 20 अप्रैल 2025 तक, प्रात:5:30 बजे से 6:45 बजे तक-सात दिवसीय नि:शुल्क योग चिकित्सा शिविर का शुभारम्भ परमात्मा के ओ३म् के उच्चारण से किया गया। बाबा रामदेव जी महाराज के परम शिष्य योगाचार्य जयपाल शास्त्री जी ने ग्रामीण आँचल में योग के प्रचार-प्रसार के लिए आयोजित आज इस शिविर में शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग प्राणायाम का सारगर्भित महत्त्व बताया।

शारीरिक व मानसिक तनाव से निजात पाने लिए सरल योगासन, प्राणायाम, सूक्ष्म व्यायाम आदि कराए तथा अधिक से अधिक लोगों को योग शिविर से जोड़ने की प्रेरणा दी ताकि ग्रामीण लोग भी योग का प्रशिक्षण लेकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकें। योग प्रशिक्षण में भाई अनिल कपूर जी ने सहयोग किया। योग शिविर में आज राजबीर सरपंच, रामबीर नागर, विजयपाल नागर, प्रताप नागर, अशोक भाटी, प्रकाश नागर, हरिचंद नागर, प्रमि नागर, रामजीत नागर, बेगी महाशय जी, नवीन नागर, विनोद नागर, प्रमोद नागर, रोहतास नागर आदि नीमका ग्रामवासी मौजूद रहे।

# भारत सेवा प्रतिष्ठान ने किया आमने-सामने कार्यक्रम का आयोजन

## शहर के चहुंमुखी विकास को लेकर अधिकारियों संग हुई बैठक



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद** के चहुमुखी विकास को लेकर एक परिचर्चा, मैगपाई टूरिस्ट रिसॉर्ट मै आयोजित की गई जिसमें फरीदाबाद के प्रमुख नागरिकों के सामने हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल जी उपस्थित रहे। भारत माता के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम आरंभ हुआ। कार्यक्रम में नगर निगम, बिजली बोर्ड,एफ एम डी ए, एवं पुलिस विभाग से संबंधित प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। आमना सामना कार्यक्रम की शुरुआत प्रतिष्ठान के चेयरमैन श्रीमान श्री कृष्ण सिंहल ( वरिष्ठ कार्यकर्ता आर एस एस ) ने शहर से जुड़े प्रमुख मुद्दों जैसे पानी, सड़क, स्वच्छता, ट्रैफिक प्रबंधन, बिजली व्यवस्था, नई सड़कों का विकास, पर्यावरण संरक्षण से सभी संबंधित मुद्दे मंत्री जी के सामने रखे। साथ- साथ ही स्मार्ट सिटी परियोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गयी । चर्चा में उपस्थित लोगों ने भी बढ़चढ़ कर भाग लिया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने बड़ी सहजता से सभी बिन्दुओं पर विस्तार से उत्तर दिया। पीने के पानी कैसे सभी नागरिकों को सुलभता से मिलेगा उसकी जानकारी सभी को दी गयी । कैसे नये बोरवैल लगाने की योजना है । कैसे खारे पानी से मुक्ति मिलेगी। एसटीपी योजना के बारे में बताया । एस टी पी का पानी कैसे फरीदाबाद के 400 पार्कों को पानी मिलेगा ।

**पर्यावरण**

हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने पर्यावरण को लेकर जो शुरुआत की है।हम उसको आगे बढ़ाते हुए एक पौधा अपने माता-पिता के नाम से लगाए। जिससे वह आने वाली पीढ़ियों के काम आऐ ।मैं सभी नागरिकों से अनुरोध करूंगा की सभी लोग आने वाली जुलाई में ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाए और मैं मेगा प्लांटेशन पर भी अधिकारियों के साथ काम करूंगा।

**स्वच्छता के मामले में उठाए कदम**

शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर विपुल गोयल जी ने कहा कि शहरों में से कूड़ा उठाने के लिए एक बहुत बड़ी कंपनी को ठेका दिया गया था , उस कंपनी के प्रमोटर चीन के थे ।उन्होने अपना कार्य ठीक नहीं किया अब उनको बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है । आने वाले 2 महीने में कूड़ा उठाने के लिए नए लोगों को टेंडर दिया जाएगा और घर-घर से कूड़ा उठाया जाएगा और कूड़ा उठाने के लिए नई व्यवस्था लागू की जा रही है।

श्री गोयल ने अनेक विषयों पर चर्चा कर आश्वासन दिया की फरीदाबाद आने वाले कुछ महीनों में सुन्दर शहर बनने की प्रक्रिया मैं आ सकेगा। फरीदाबाद के सभी चौंक ठीक होंगे, रेड लाईट् लगेंगी, कैमरे लगेंगे। नया हस्पताल ओल्ड फरीदाबाद में बन रहा है। नया बस अड्डा सेक्टर 61 में बन रहा है। फरीदाबाद में 200 ग्रीन बसें आ रही है।

अंत में श्री गोयल ने कहा, भारत सेवा प्रतिष्ठान द्वारा इस प्रकार की परिचर्चा का आयोजन एक बेहद सार्थक प्रयास है। यह न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त करता है, बल्कि प्रशासन और समाज के बीच सीधा संवाद स्थापित कर फरीदाबाद के विकास में एक सकारात्मक भूमिका निभाता है ।साथ ही उन्होंने श्री कृष्ण सिंघल जी एवं भारत सेवा प्रतिष्ठान का इस बैठक आयोजित कराने के लिए आभार व्यक्त किया।

कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने उपस्थित जनसमूह से प्राप्त सुझावों को गंभीरता से सुना और इन पर सरकार की ओर से हो रही कार्यवाहियों की जानकारी साझा की।

मेयर प्रवीण बत्रा जोशी ने भी बैठक में विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी साझा की और नागरिकों की समस्याओं को सुना। उन्होंने भरोसा दिलाया कि निगम प्रशासन जनहित से जुड़े कार्यों में पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहा है।

कार्यक्रम में फरीदाबाद की मेयर श्रीमती प्रवीण बत्रा जोशी, भारत सेवा प्रतिष्ठान के चेयरमैन श्री कृष्ण सिंघल, अध्यक्ष दीपक अग्रवाल, सचिव, दीपक ठुकराल, कोषाध्यक्ष चुन्नीलाल गर्ग, सुरिंदर बंसल,अरुण वालिया, राज कुमार सीकरी, अरविंद गुप्ता सहित संस्था के पदाधिकारी, विधान सभा क्षेत्र के निगम पार्षद कुलदीप सिंह साहनी, मुकेश अग्रवाल, नरेश नंबरदार, समाज के प्रबुद्ध व्यक्तियों एच के बत्रा,एच एस बांगा, आर एस गांधी, रमेश गुप्ता, आनंद मेहता, डॉक्टर सुरेश अरोरा, डॉक्टर पुनीता हसीजा, गौतम चौधरी,राजीव गिरधर,संजय कुंडू( पूर्व डीजीपी) आदि उपस्थित रहे व चर्चा में भाग लिया । राष्ट्रगान एवं भारत माता की जय के उद्घोष के साथ बैठक की समाप्ति हुई।

# भारत विकास परिषद्, नारायण शाखा का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** भारत विकास परिषद्, नारायण शाखा का वर्ष 2025-26 का शपथ ग्रहण समारोह रचना शाला स्टूडियो सेक्टर-37 में श्रीमती विनीता गुप्ता, क्षेत्रीय महिला संयोजिका, हरियाणा साउथ-2 के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष प्रमोद वर्मा, सचिव रचना गोयल, कोषाध्यक्ष लोकेश शर्मा एवं अन्य पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण की तथा संस्था को प्रगति के पथ पर अग्रसर करने का संकल्प लिया। इस शुभ अवसर पर शाखा द्वारा हनुमान जयंती,बैसाखी और भीमराव अंबेडकर की जयंती पर भक्तों हेतु प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग एक हजार श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

इस अवसर पर नारायण शाखा से राजीव पबरेजा, राकेश जैन, राममूर्ति अग्रवाल, देवेंद्र अग्रवाल देबू,मधु अग्रवाल, विकास बंसल, पंकज सक्सेना, दीपक गोयल, दिनेश शर्मा, अतुल गोयल, रुचि सक्सेना, अनुभा रेड्डी, योगेश गर्ग, निखिल गर्ग, ममता पाराशर, जूही वर्मा, प्रणव वर्मा, लोकेश शर्मा, विनीत गुप्ता (परिवार सहित), रमेश गोयल (परिवार सहित), कोको वर्मा एवं अन्य सदस्यगण सपरिवार उपस्थित रहे।


# झुग्गी झोपड़ पट्टी में रहने वाले लोगों को शिक्षा के प्रति किया प्रेरित



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**कुरुक्षेत्र।** रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र द्वारा जहां भूखे को भोजन, निर्वस्त्र को वस्त्र और अशिक्षित को शिक्षित करने के लिए कृतसंकल्प है। ये शब्द रोटी बैंक के प्रधान सेवक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने झुग्गी झोपड़ पट्टी में रहने वाले बच्चों को स्कूल बैग, पाठ्य सामग्री और लेखन सामग्री वितरित करते हुए कहे। उन्होंने बताया कि रोटी बैंक के संस्थापक सेवानिवृत आईपीएस अधिकारी श्री श्रीकांत जाधव साहेब हैं जिन्होंने रोटी बैंक की स्थापना 2017 में की थी। रोटी बैंक पुलिस लाइन में चलता है। पुलिस के साथ साथ जनता का सहयोग बहुत अधिक प्राप्त है। रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र द्वारा कुरुक्षेत्र के ऐसे स्थानों को चिनहित किया है जहां पर शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए छात्र छात्राओं को लेखन सामग्री, पुस्तकें और अन्य आवश्यक वस्तुएं वितरित की जा रही हैं। आज रोटी बैंक के प्रधान सेवक डॉ. अशोक कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष नरेश सैनी, महासचिव कर्म चंद और रोटी बैंक के अंकेक्षक डॉ. एम एम सिंह सुंदरपुर पुल के निकट झुग्गी झोपड़ पट्टी पहुंचे और स्कूल बैग एवं अन्य लेखन और पाठ्य सामग्री वितरित की। रोटी बैंक के प्रधान सेवक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि रोटी बैंक का मुख्य कार्य भोजन वितरण, सूखा राशन वितरण, ऋतू अनुसार वस्त्र वितरण, पैरों के लिए चप्पल और जूते, स्वच्छता के लिए नहाने का साबुन, ब्रश, पेस्ट, फल और मिठाइयां आदि वितरण करना है। रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विद्यार्थियों को हर संभव सहायता प्रदान करेगी।

# सेवा भारती पश्चिम महानगर ने धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** सेवा भारती पश्चिम महानगर(फरीदाबाद विभाग)द्वारा जीवा पर्बलिक स्कूल सेक्टर-21बी में अपना वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. जयदीप गुप्ता (एडीशनल मेंबर,रेलवे बोर्ड) उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. प्रदीप डिमरी (प्रोफेसर जे.सी.बोस विश्वविद्यालय) थे जबकि अध्यक्षता जय किशन जी (माननीय सह विभाग संघचालक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) ने की। इसके अलावा विशिष्ट अतिथिगणों में मुकेश आहूजा, रोहित भल्ला, सुश्री माधवी हंस, जी.एस त्यागी, अजय सिंह, नीरज त्यागी, श्रीमति प्रियंका गर्ग,सतीश कालरा, राजकुमार अग्रवाल भारत विकास परिषद, चरणजीत सिंह प्रधान कंत दर्शन दरबार,जीएल शर्मा, गुरमुख सिंह, श्रीमति शिप्रा शर्मा, ऋषिपाल चौहान निदेशक जीवा पर्बलिक स्कूल, प्रवीण गर्ग, महेश अग्रवाल, पंकज निर्मल, कुलदीप पुनिया प्रांत संगठक स्वदेशी एवं स्वावलंबी भारत और कमल किशोर सर्राफ जी (प्रंत उपाध्यक्ष सेवा भारती हरियाणा प्रदेश) मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलन से हुई। इसके पश्चात बालक बालिकाओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में पधारे अतिथिगणों ने अपने संबोधन में बताया कि सेवा भारती हरियाणा प्रदेश जन सहयोग से समाज के वंचित, शोषित, अभावग्रस्त व्यक्तियों को जागृत कर कर्मठ, समरस, स्वस्थ और स्वावलंबी बनाने के लिये कार्य कर रही है। इस श्रृंखला में सेवा भारती हरियाणा प्रदेश ऐसे समाज को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने में सहयोग कर रहे हैं। सेवा भारती हरियाणा प्रदेश के अंतर्गत संचालित ऐसे ही सभी केन्द्रों के शिक्षार्थियों का वार्षिकोत्सव आयोजित कर रही है। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों और कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया।

# कलात्मक प्रदर्शनी के समापन पर पहुंचे प्रसिद्ध गायक और निर्माता अरूण अंबावता और सोशल मीडिया इन्फलयूजर राजा गुर्जर



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** एनआईटी स्थित खजानी वूमैनस वोकेशनल इस्ट्टीटयूट में तीन दिवसीय कलात्मक प्रदर्शनी के समापन पर आज प्रसिद्ध गायक और निर्माता अरूण अंबावता व सोशल मीडिया इन्फलयूजर राजा गुर्जर पधारे। इस मौके पर संस्था के डायरेक्टर संजय चौधरी,छात्राओं और अध्यापिकाओं ने फूल बरसाकर उनका जोरदार स्वागत और अभिनन्दन किया। दोनो अतिथियों ने संस्था के विभिन्न विभागों जैसे अर्लीचाईल्ड हुड एण्ड केयर एजुकेशन, आर्ट एण्ड क्राफ्ट, फैंशन डिजाईनिगं, कटिगं टेलरिगं एण्ड एमबरोइडरी,कम्पयूटर साइन्स व ब्यूटी कल्चर का अवलोकन करते हुए कहा कि छात्राओं द्वारा बनाई गई एक एक वस्तु मानों जीवतं लग रही है, इन कलात्मक वस्तुओं को देखकर यह लगता है कि छात्राओं ने इसे बनाने में अपनी पूरी प्रतिभा का इस्तेमाल किया है। उन्होनें कहा कि प्रर्दशनी को देखकर लगता है कि खजानी में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है और आने वाले दिनों में यह छात्राएं अपने पैरों पर खड़ी होकर देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। इस अवसर पर संजय चौधरी ने कहा कि प्रर्दशनी के आयोजन का मुख्य उददेश्य मध्यम व निम्र वर्ग की छात्राओं को जागरूक करना तथा आत्मविश्वास से भरपूर करना है। संजय चौधरी ने अतिथि अरूण अंबावता व राजा गुर्जर को स्मृति चिन्द्र देकर उनको सम्मानित भी किया। प्रर्दशनी के समापन पर छात्राओं ने खूब डांस किया।

# थंडर इलेवन ने फॉरेस्टबाइट को 4 विकेट से हराया




**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** 25वां रविंदर फागना सिल्वर जुबली कैश प्राइज मिक्स कॉरपोरेट कप टूर्नामेंट 202425, रविंदर फागना क्रिकेट ग्राउंड भूमि पाली फरीदाबाद पर खेला गया। और यह मैच फॉरेस्टबाइट ओर थंडर इलेवन के बीच खेला गया। इस मैच में थंडर इलेवन ने फॉरेस्टबाइट को 4 विकेट से हराया। यह मैच 20 ओवर का था और फॉरेस्टबाइट ने पहले टॉस जीत कर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। फॉरेस्टबाइट इलेवन टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 152 रन का लक्ष्य दिया। फॉरेस्टबाइट की ओर से पहले बल्लेबाजी करते हुए विकास कौशिक ने 30 गेंदों में 2 चौके की मदद से 29 रन, नीरज चौहान ने 16 गेंदों में 3 चौके, 1 छक्के की मदद से 28 रन बनाए। थंडर इलेवन की ओर से गेंदबाजी करते हुए अंकित गोस्वामी ने 4 ओवर में 35 रन देकर 2 विकेट, नवदीप बिधूड़ी, दीपांशु, मोहित कुमार ओर शुभम कुमार सिंह ने 11 विकेट लिया। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम थंडर इलेवन ने 15.4 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 153 रन बनाकर जीत हासिल की। थंडर इलेवन की ओर से बल्लेबाजी करते हुए विवेक ने 16 गेंदों में 5 चौके, 1 छक्के की मदद से 32 रन, दिलिप ने 31 गेंदों में 4 चौके की मदद से 29 रन बनाए। फॉरेस्टबाइट की ओर से गेंदबाजी करते हुए गुलशन यादव 4 ओवर में 26 रन देकर 2 विकेट, साबिर, हिमांशु रावत, मोहित ओर नीरज चौहान ने 11 विकेट लिया। इस मैच का मैन ऑफ द मैच अंकित गोस्वामी को घोषित किया गया और फाइटर ऑफ द मैच नीरज चौहान को घोषित किया गया।

## कैबिनेट मंत्री राजेश नागर ने रबी फसल खरीद प्रक्रिया को लेकर पानीपत अनाज मंडी का किया दौरा

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**पानीपत।** प्रदेश के खाद्य,नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री राजेश नागर ने सोमवार को रबी फसल खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी और सुविधाजनक बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा के तहत पानीपत अनाज मंडी का निरीक्षण किया। उनके साथ प्रदेश के खेल मंत्री गौरव गौतम, सोनीपत के विधायक निखिल मदान व अन्य अधिकारी की उपस्थित रहे। उन्होंने विभिन्न खरीद एजेंसियों से रबी फसलों की खरीद, लिफ्टिंग और किसानों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। खरीद एजेंसियों ने फसल खरीद, लिफ्टिंग, किसानों को अनाज मंडियों में मूलभूत सुविधाएं और किसानों को भुगतान आदि विषयों पर जानकारी दी। उन्होंने मार्केटिंग बोर्ड व खरीद एजेंसियों के अधिकारियों से किसानों के लिए सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने गेहूं व सरसों की खरीद कर रही सभी एजेंसियों के अधिकारियों को किसानों को समय पर फसल का भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पानीपत अनाज मंडी का निरीक्षण किया व मंडी में फसल बेचने पहुंचे किसानों से बातचीत की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मंडी में किसानों के लिए उपलब्ध करवाई गई सुविधाओं का जायजा लिया। मंत्री राजेश नागर ने मार्केटिंग बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडियों में पेयजल, लाइट, साफ-सफाई, सुविधा केंद्र और फर्स्ट एड जैसी सुविधाएं पूरी तरह दुरुस्त रखी जाएं। उन्होंने कहा कि मंडियों में बनाए गए सुविधा केंद्रों का भी किसान अधिक से अधिक लाभ उठाएं। डीएफसी राजेश आर्य, डीएमईओ महावीर सिंह आदि भी उपस्थित रहे।

फ्री होम डिलीवरी, अखबार की कटिंग साथ लाने पर 10 प्रतिशत की छूट
संपर्क करें: 9811153271

